




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 91 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 31 दिसम्बर 2025 डाक 01 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना मुर्मू सोरेन ने रांची के लोक भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



**देश-विदेश**
चमोली में सुरंग के अंदर बड़ा हादसा, दो लोको ट्रेनें टकराईं, दुर्घटना में 100 लोग हुए घायल



**फीचर पेज**
सर्दियों में बहती नाक कर रही परेशान? आयुर्वेद से जानिए समाधान




## अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ मुलाकात पर पीएम मोदी ने कहा- सार्थक संवाद हुआ



**नईदिल्ली 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ हुई मुलाकात पर कहा है कि संवाद सार्थक रहा है। आत्मनिर्भरता और संरचनात्मक परिवर्तन-विकसित भारत का एजेंडा विषय पर यह मुलाकात हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ एक बहुत सार्थक संवाद हुआ। उन्होंने आत्मनिर्भरता और संरचनात्मक परिवर्तन विकसित भारत के लिए कार्यसूची विषय पर अपने बहुमूल्य दृष्टिकोण साझा किए। नीति आयोग में पीएम मोदी ने प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के एक ग्रुप के साथ बातचीत की। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए साल 2047 तक भारत की यात्रा के मूल स्तंभों का उल्लेख किया। उन्होंने विकसित भारत को एक राष्ट्रीय आकांक्षा बताते हुए कहा कि साल 2047 तक एक विकसित भारत का सपना सरकारी नीति से परे जाकर एक वास्तविक जन आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव शिक्षा, उपभोग और वैश्विक गतिशीलता के बदलते स्वरूपों में स्पष्ट है, जिसके लिए तेजी से महत्वाकांक्षी होते समाज की जरूरतों को पूरा करने के लिए संस्थागत क्षमता में वृद्धि और सक्रिय अवसंरचना नियोजन की आवश्यकता है।

पीएम मोदी ने वैश्विक क्षमता निर्माण और वैश्विक एकीकरण प्राप्त करने के लिए मिशन-आधारित सुधारों की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन-आधारित सुधारों का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की नीति निर्माण और बजट निर्धारण वर्ष 2047 के दृष्टिकोण से जुड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की जरूरत के बारे में भी बात की कि देश वैश्विक कार्यबल और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रहे। अर्थशास्त्रियों ने इस संवाद के दौरान, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण विचारों का आदान-प्रदान किया। चर्चा का मुख्य केंद्र घरेलू बचत में वृद्धि, मजबूत अवसंरचना विकास और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के माध्यम से संरचनात्मक परिवर्तन को गति देना था। समूह ने अंतर-क्षेत्रीय उत्पादकता को बढ़ावा देने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका का पता लगाया और भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के निरंतर विस्तार पर भी चर्चा की। प्रतिभागियों ने कहा कि साल 2025 में अभूतपूर्व अंतर-क्षेत्रीय सुधारों की गति और आने वाले साल में उनके और सुदृढ़ीकरण से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपनी नींव को मजबूत करके व नए अवसरों को खोलकर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपना पथ प्रशस्त करता रहे।

## योगी आदित्यनाथ को लाकर माहौल खराब करना चाहती है भाजपा, संजय राउत ने क्यों कही ये बात

**मुंबई, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**



मुंबई में बीएमसी चुनाव में कुछ ही हफ्तों का समय बचा है और सभी पार्टियां चुनाव प्रचार में जुटी हैं। अब शिवसेना यूबीटी ने भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची पर सवाल उठा दिए हैं और कहा है कि पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मुंबई में प्रचार की क्या जरूरत है। बीएमसी चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में इन दोनों नेताओं का नाम शामिल है।

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने एक बयान में कहा, क्या जरूरत है पीएम मोदी को मुंबई आने की? योगी आदित्यनाथ क्यों आ रहे हैं? क्या यहां के मुख्यमंत्री प्रचार करने में सक्षम नहीं हैं। और राज्यों के मुख्यमंत्री भी आ रहे हैं। यहां आप माहौल खराब करना चाहते हैं। शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा, ये योगी आदित्यनाथ और अन्य नेताओं को लाकर, आप अपनी कमजोरी बता रहे हैं। आपके पास ताकत नहीं हैं। आप हर राज्य के मुख्यमंत्री को लाकर चुनाव लड़ना चाहते हो। हम हमारी ताकत पर चुनाव लड़ेंगे। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा कि शिवसेना को भाजपा के सामने गिड़गिड़ाकर सीटें मांगनी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा हम कभी भी भाजपा के सामने नहीं झुके। यह आत्मसम्मान की बात है।

हम इसे असली शिवसेना नहीं मानते। क्योंकि हम शिवसेना हैं। ऐसा शिवसेना के इतिहास में कभी नहीं हुआ। जब भी भाजपा ने ऐसा रुख अपनाया, तो हमने अपने रास्ते अलग कर लिए। संजय राउत ने कहा, आज किसी ने कहा कि मुंबई में सिर्फ जय श्री राम का नारा चलेगा। हम मानते हैं कि मुंबई में जय महाराष्ट्र का नारा चलेगा। जय भवानी और जय शिवाजी का नारा चलेगा। भाजपा और शिवसेना के बीच 227 सीटों वाली बीएमसी के चुनाव के लिए जो सीटों का बंटवारा हुआ है, उसके तहत भाजपा 137 और शिवसेना 90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। दोनों पार्टियां अपने-अपने कोटे से कुछ सीटें गठबंधन साझेदारों को देंगी। बीएमसी चुनाव के लिए 15 जनवरी को मतदान होगा और 16 जनवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## आरटीए रविंदर सिंह गिल का बाथरूम से संदिग्ध अवस्था में मिला शव, हार्ट अटैक से मौत की आशंका



**जालंधर।** जालंधर में रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉर्टी (आरटीए) अधिकारी रविंदर सिंह गिल का शव उनके घर के बाथरूम से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। यह घटना जालंधर हाईट्स स्थित उनके फ्लैट में घटी, जहां उनका शव उनके गनमैन ने बाथरूम में देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। शुरुआती जांच के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद जालंधर हाईट्स चौकी के इंचार्ज सुरजीत सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चुरी भेज दिया। पुलिस ने घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है, और मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

## असम हिज्ब-उल-मुजाहिदीन आतंकी साजिश मामला एनआईए की विशेष अदालत ने मुख्य आरोपी को सजा सुनाई



**गुवाहाटी, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

असम में हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े आतंकी साजिश मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली है। गुवाहाटी स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने इस मामले के मुख्य आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी को अलग-अलग मामलों में कठोर कारावास की सजा दी, जिसमें अधिकतम सजा उम्रकैद शामिल है। दोषी करार दिया गया आरोपी मोहम्मद कमरुज जमान उर्फ डॉ. हुरैरा उर्फ कमरुद्दीन है। अदालत ने उसे तीन अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई, जो साथ-साथ चलेंगी। इनमें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 18 के तहत उम्रकैद और पांच साल की साधारण कैद शामिल है। इसके अलावा, अदालत ने तीनों मामलों में आरोपी पर 5,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में प्रत्येक मामले में उसे तीन महीने की अतिरिक्त साधारण कैद भुगतनी होगी। यह मामला एनआईए द्वारा दर्ज केस संख्या आरसी 08/2018/एनआईए-जीयूडब्ल्यू से जुड़ा है, जो असम के होजाई जिले के जमुनामुख क्षेत्र से संबंधित है। जांच में सामने आया कि वर्ष 2017-18 के दौरान कमरुज जमान ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब-उल-मुजाहिदीन का असम में एक मॉड्यूल खड़ा करने की साजिश रची थी। इसका उद्देश्य राज्य में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर लोगों के मन में दहशत फैलाना था। एनआईए की जांच के अनुसार, कमरुज जमान ने इस साजिश के तहत शाहनवाज आलम, सैदुल आलम, उमर फारूक और अन्य लोगों की भर्ती की थी। मार्च 2019 में एनआईए ने इस मामले में कुल पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें से शाहनवाज आलम, सैदुल आलम और उमर फारूक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद उन्हें पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। वहीं, पांचवां आरोपी जयनाल उद्दीन मुकदमे के दौरान बीमारी के चलते निधन हो गया था।

### नए साल के जश्न में पड़ेगा खलल!

## आज हड़ताल पर स्विगी-जोमैटो अमेजन के डिलीवरी वर्कर्स




**नई दिल्ली।** नए साल की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। कुछ घंटे बाद पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती नजर आएगी। हालांकि, नए साल पर ऑनलाइन शॉपिंग से लेकर पार्टियों की तैयारी करने वालों को तगड़ा झटका लग सकता है। जी हां, न्यू ईयर ईव से पहले स्विगी, जोमैटो, अमेजन, फ्लिपकार्ट समेत सभी डिलीवरी वर्कर्स ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा कर दी है। ऐसे में नए साल की पार्टी में खाना ऑर्डर करने से लेकर ऑनलाइन डिलीवरी में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप बेस्ट ट्रांसफोर्ट वर्कर्स के नेतृत्व में यह हड़ताल चल रही है। इसका असर दिल्ली, मुंबई, पुणे, कोलकाता और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों पर देखने को मिल सकता है। इसके अलावा लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, इंदौर और पटना जैसी टियर टू शहरों की डिलीवरी भी प्रभावित हो सकती है।

महाराष्ट्र, कर्नाटक, दिल्ली एनसीआर, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के क्षेत्रीय यूनियन भी इस हड़ताल में हिस्सा लिया है। इनका दावा है कि आज देशभरमें 1 लाख से ज्यादा डिलीवरी वर्कर्स ऐप पर लॉन इन हीं करेंगे या फिर कम समय के लिए ही एक्टिव रहेंगे। इससे पहले क्रिसमस डे वाले दिन भी सभी वर्कर्स की हड़ताल देखने को मिली थी। यूनियन का कहना है कि गिग वर्कर्स की मांग में इजाफे के बावजूद उनकी कार्यशैली में बदलाव नहीं हो रहा है। कंपनियां न तो उन्हें ठीक से वेतन देती हैं और न ही सुरक्षा की गारंटी मिलती है। डिलीवरी वर्कर्स की खराब स्थिति को लेकर यह हड़ताल रखी गई है। 10 मिनट में डिलीवरी मॉडल के कारण सड़क पर गिग वर्कर्स के हादसों का शिकार हो जाते हैं। धूप, गर्मी, ठंड और बरसात में दिन-रात डिलीवरी करने के बावजूद इन्हें कंपनियों की तरफ से दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा और पेंशन जैसी सुविधाएं नहीं मिलती हैं।

## पाकिस्तान के इशारे पर असम में साजिश रचने वाला दोषी करार, हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी को उम्रकैद की सजा



**नई दिल्ली 31 दिसम्बर।** पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों को साकार करने की साजिश रचने वाले व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा मिली है। आरोपी असम से ताल्लुक रखता है और वो पाकिस्तान के टेरर मॉड्यूल का हिस्सा था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है। असम के गुवाहाटी में एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मो कमरुज जमान उर्फ कमरुद्दीन को गैर-आतंकी कानून के तहत 3 अलग-अलग सजा सुनाई गई है, जिनमें उम्रकैद की सजा भी शामिल है।अदालत ने जमान पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उसे 3 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा दी गई है। जमान पर आरोप है कि वो पाकिस्तान आधारित हिज्बुल मुजाहिदीन के संपर्क में था और 2017-18 के दौरान देश में आतंकी गतिविधियों की साजिश रच रहा था। एनआईए के ट्रायल में जमान का गुनाह साबित हो गया।

उसे आतंकी साजिश का दोषी पाया गया है। साथ ही उसपर अन्य लोगों को गुमराह करने और आतंकी गतिविधियों के लिए उकसाने का भी आरोप है। एनआईए के अनुसार, जमान ने सहनवाज अलोम, सईदुल आलम और उमर फारुक समेत कई लोगों की भर्तियां की थीं, जो उसके साथ मिलकर आतंकी घटना को अंजाम दे सकें। जांच एजेंसी ने मार्च 2019 में पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दर्ज की थी, जिसमें इन चारों का नाम भी शामिल था। एनआईए की अदालत ने सहनवाज, सईदुल और उमर को दोषी करार देते हुए पहले ही सजा सुना दी थी। वहीं, पांचवे आरोपी जयनाल उद्दीन की ट्रायल के दौरान ही बीमारी के कारण मौत हो गई थी।

## किसान को बर्बाद करने धान में आग लगाया, तीन उपद्रवी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** खेत में रखे लगभग डेढ़ सौ कट्ठा धान को जलाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आगजनी की इस घटना में संबंधित किसान को लगभग पौने दो लाख रुपए का नुकसान हुआ था। बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू ने बताया कि प्रार्थिया द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि घटना दिनांक 28 दिसंबर की रात्रि लगभग 8 बजे दिलीप साह निवासी बैगापारा लखोली अपने अन्य साथी के खेत में रखे 150 कट्टा धान, लगभग 60 क्विंटल कीमती 1 लाख 86 हजार रूपये को जला कर नष्ट कर दिया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध धारा 326 (च), 3 ( 5 ) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर आरोपी के निश्चित स्थानोऊ में दबिश देकर आरोपी दिलीप साहू पिता सुकालू राम साहू उम्र 38 साल निवासी लखोली बैगपारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी जो अपने अन्य साथी महादेव कौशिक पिता गणेशम कौशिक मोहरा व संतोष कुमार उर्फ राजू पिता गौतम मोहरा के साथ जुर्म कारित करना स्वीकार किया।

## झारखंड की सबसे सुरक्षित जेल से बड़ा ब्रेक! उम्रकैद वाले तीन कैदी फरार, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा (जेपी कारा) से तीन उम्रकैद के सजायाफ्ता कैदियों के फरार होने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस घटना ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और प्रदेश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फरार तीनों कैदी धनबाद जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। बुधवार को नियमित गिनती के लिए कैदियों को बैरक से बाहर निकाला गया था। इसी दौरान तीनों कैदी अचानक गायब हो गए। प्रारंभिक तौर पर जेलकर्मियों ने उन्हें परिसर में ही होने की आशंका जताते हुए खोजबीन शुरू की, लेकिन काफी देर तक तलाश के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तब जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसके बाद मामले की सूचना वरीय अधिकारियों और पुलिस को दी गई। चौंकाने वाली बात यह है कि जेपी कारा को राज्य की सबसे सुरक्षित जेलों में गिना जाता है। यहां पांच लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती है और हर प्रवेश व निकास द्वार पर सशस्त्र सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। ऐसे में कड़ी सुरक्षा के बीच तीन उम्रकैद के कैदियों का फरार हो जाना न सिर्फ लापरवाही की ओर इशारा करता है, बल्कि सुरक्षा तंत्र में बड़ी चूक को भी उजागर करता है। सूत्रों के मुताबिक, फरारी की घटना के बाद जेल परिसर और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

## कोई तीसरा दखल नहीं दे सकता भारत ने खारिज किया चीन का दावा

### पाक के साथ सीजफायर के दावे पर सुनाया



**नई दिल्ली।** भारत ने चीन की ओर से भारत-पाक सीजफायर में मध्यस्थता के दावे का सिरे से खारिज कर दिया है। भारतीय सरकार के सूत्रों का कहना है कि मई के संघर्ष के दौरान युद्धविराम तक पहुंचने में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं हुई थी। सूत्रों के हवाले से बताया, मध्यस्थता पर भारत का रुख हमेशा साफ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद कोई मध्यस्थता नहीं हुई। भारत ने हमेशा यह कहा है कि कोई तीसरा पक्ष दखल नहीं दे सकता। पाकिस्तान ने भारत के छ्तस्ल्ह से सीज़फ़ायर के लिए अनुरोध किया था।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894


सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## आर्मी हॉसिपटल ने भारत में आईस्टेंट के साथ पहली 3 डी फ्लेक्स एक्स एंजियोग्राफी सफलतापूर्वक की



**नईदिल्ली, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय चिकित्सा जगत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) के नेत्र विज्ञान विभाग ने भारत में पहली बार आईस्टेंट के साथ 3डी फ्लेक्स एक्रियस एंजियोग्राफी सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह एंजियोग्राफी उन्नत इमेजिंग तकनीक और न्यूनतम चीर-फाड़ वाली ग्लूकोमा सर्जरी को मिलाकर की गई। नए स्टैंड-माउंटेड स्पेक्ट्रालिस सिस्टम और अत्याधुनिक 3डी ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप की सहायता से की गई इस प्रक्रिया ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं को वैश्विक नेत्र चिकित्सा के अग्रिम पंक्ति में स्थापित किया है। ग्लूकोमा, जो अपरिवर्तनीय अंधेपन के प्रमुख कारणों में से एक है, अपनी धीमी प्रगति के कारण लंबे समय से चिकित्सकों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। यह तकनीक एक्रियस आउटफ्लो पाथवे का वास्तविक समय और अत्यंत सटीक दृश्य उपलब्ध कराती है, जिससे सर्जन अधिक लक्षित और प्रभावी उपचार कर सकते हैं व रोगियों के परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार संभव हो पाता है। देश में पहली बार 3डी फ्लेक्स एक्रियस एंजियोग्राफी को आईस्टेंट के साथ एकीकृत कर ग्लूकोमा उपचार में एक नया मानदंड स्थापित किया गया है। इससे सर्जरी के दौरान बेहतर इमेजिंग और दीर्घकालिक रूप से बेहतर परिणाम सुनिश्चित होते हैं। सशस्त्र बल समुदाय के लिए यह उपलब्धि न सिर्फ एक महत्वपूर्ण चिकित्सा मील का पत्थर है, बल्कि दृष्टि संरक्षण और ऑपरेशनल तत्परता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम भी है।

## एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का एक्शन, आगरा में 59 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त और 150 गिरफ्तार



**आगरा 31 दिसम्बर।** नकली-नशीली दवाइयों व मादक पदार्थों की खरीदफरोख्त करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाने वाली एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और विस्तारितत किया जा रहा है। यूनिट में संसाधनों को बढ़ाने के साथ ही इंस्पेक्टर से लेकर आरक्षियों तक की संख्या बढाई जाएगी। वर्तमान में आगरा यूनिट में सीओ एवं एक इंस्पेक्टर समेत 10 पुलिसकर्मी तैनात हैं। नशे के सौदागरों पर कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 में एएनटीएफ का गठन किया था। आगरा में एनटीएफ की आगरा यूनिट नवंबर 2022 में बनाई गई थी। तीन वर्ष के दौरान एएनटीएफ ने 6,119 किलोग्राम नकली-नशीली दवाइयां और मादक पदार्थ बरामद किया। जिनका अनुमानित 59 करोड़ से अधिक है। इसके अलावा सिंडिकेट से जुड़े 150 से लोगों को गिरफ्तार किया गया। दो दिन पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एएनटीएफ को और मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कोर्ट बनाने के भी आदेश दिए हैं। जिसके बाद आगरा यूनिट में वाहन, पुलिसकर्मियों के साथ अन्य संसाधन बढाने की तैयारी है।

## भूलसीडीह में मेडिकल कॉलेज हेतु आबंटित भूमि अतिक्रमणमुक्त

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार भैसमा श्री के.के. लहरे एवं राजस्व टीम द्वारा ग्राम भूलसीडीह स्थित मेडिकल कॉलेज हेतु आबंटित पार्ट–2 की शासकीय भूमि में की गई कार्रवाई के



तहत कुल 28.00 एकड़ भूमि में से 18.00 एकड़ रकबा सरपंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बेजा कब्जों से मुक्त कराया गया है। कार्रवाई के दौरान राजस्व अमले एवं ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता से भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु संरक्षित किया गया। जिला प्रशासन ने ग्राम भूलसीडीह के सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की है।कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा स्वीकृत सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## जिले में 30 दिसंबर तक किसानों से 1012651.60 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025–26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 30 दिसम्बर 2025 शाम 06 बजे तक की स्थिति में 1012651.60 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। कोरबा जिले में अब तक 735432 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं समितियों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

## शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष शिविरों का आयोजन

**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर–2026) कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दावा–आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। एसआईआर–2026 के तहत 23 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित फोटोयुक्त मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं सहित 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र–6 में आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 01 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से भी प्रपत्र–6 में अग्रिम आवेदन लिया जाएगा।निर्वाचन कार्यों की प्रभावशीलता बढ़ाने तथा युवाओं में मतदाता जागरूकता का वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से जिले के सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों (महाविद्यालयों) में कैम्पस एंबेसडर की उपस्थिति में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में 01.01.2026, 01.04.2026, 01.07.2026 एवं 01.10.2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले भावी मतदाताओं के आवेदन भी प्राप्त किए जाएंगे।जिले में विशेष शिविरों के आयोजन हेतु विस्तृत शेड्यूल तैयार कर उसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा। शिविरों से संबंधित फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए जाएंगे तथा नई पीढ़ी के मतदाताओं को आधिकारिक सोशल मीडिया लिंक को फॉलो करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नुक्कड़ नाटक, संवाद कार्यक्रम और विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।सभी शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए किए गए कार्यों का प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ्स जिला कार्यालय को प्रस्तुत करें, जिससे निर्वाचन आयोग को निर्धारित समय में जानकारी प्रेषित की जा सके।



## चोटिया में स्वास्थ्य जांच शिविर में अनेक लोगों को मिला लाभ

**कोरबा।** प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. के. सिंह के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी डॉ. रविकांत सिंह राठौर के निर्देशन में इंटेंसिफाइड एच.आई.व्ही./एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोड़ीउपरोड़ा विकासखंड के ग्राम चोटिया में एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।


शिविर में ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा एच.आई.व्ही./एड्स से संबंधित जानकारी, परामर्श एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को समय पर जाँच कराने, सुरक्षित व्यवहार अपनाने एवं एच.आई.व्ही./एड्स से ग्रसित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पोड़ी उपरोड़ा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टाफ एवं काउंसलर्स द्वारा सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर में ग्रामवासियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही एवं लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

### समग्र शिक्षा मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में प्रगति नहीं होने पर जताई नाराजगी

# पीएम सूर्यघर बिजली में पीवीटीजी घरों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराने के दिए निर्देश : कलेक्टर

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज समय–सीमा की बैठक लेकर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं तथा पीएमओ–जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर सुनिश्चित हो तथा संबंधित अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें।



पीएमओ–जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर गंभीरता से कार्यवाही कर योग्य रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आम नागरिकों के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) परिवारों के आवासों में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप सोलर सिस्टम निर्धारित समय सीमा में स्थापित किए जाएं। उन्होंने विद्युत मीटर स्थापना के लिए जोनल टेंडर जारी करने और विद्युत–विहीन गाँवों की जनसंख्या सहित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए।कोरबा और कटघोरा डिवीजन के पीवीटीजी परिवारों में सूर्यघर योजना हेतु बैंक लोन स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि पीवीटीजी घरों में निवास करने वाले परिवारों के लोन प्राथमिकता से स्वीकृत किए जाएं। पीवीटीजी परिवार के घरों में स्थापित होने वाले पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर सिस्टम के लागत राशि में से हितग्राही का अंशदान जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से दिया जा रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि पीएम सूर्यघर योजना से पीवीटीजी परिवार को अधिक से अधिक लाभान्वित करें ताकि आने वाले समय में वे ऊर्जा के उपभोक्ता होने के साथ–साथ उत्पादक भी बन सकें।

उन्होंने विद्युत विभाग को शिविर लगाकर लोगों को योजना के फायदे बताने तथा उन्हें कनेक्शन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 400 यूनिट और 200 यूनिट से अधिक विद्युत खपत वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर इच्छुक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही डिवीजन के जूनियर अभियंताओं को भी लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगर निगम व नगर पालिकाओं को पार्षदों के साथ समन्वय कर इच्छुक हितग्राहियों को योजना के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने पीएम–श्री विद्यालयों तथा समग्र शिक्षा मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कई कार्यों में अत्यंत धीमी प्रगति पाई जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बालवाड़ी, अतिरिक्त कक्ष, शौचालय निर्माण, सेजेस आदि कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी।कलेक्टर श्री दुदावत ने डीईओ को निर्देशित किया कि 60 प्रतिशत से कम और 30 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार की जाए। जनवरी के पहले सप्ताह में प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के शेष जर्जर विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने तथा पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और शिक्षा विभाग के माध्यम से सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए।आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के अपार आईडी बनाने के निर्देशकलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के अपार आईडी बनाने हेतु सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाएं। एक सप्ताह के भीतर फॉर्मेट तैयार कर बीईओ और एसडीएम के समन्वय से इन आईडी का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने आगामी सत्र में आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले बच्चों के जाति प्रमाणपत्र भी समय पर तैयार कराने हेतु आवश्यक समन्वय बनाने के निर्देश दिए।

युक्तिकरण अंतर्गत जॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही के निर्देशकलेक्टर श्री दुदावत ने शासन द्वारा अपनाई गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत अभी तक निर्धारित विद्यालयों में जॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नोटिस जारी कर निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने शहर में ईवी (बैटरी) वाहनों के चार्जिंग स्टेशन पॉइंट के संबंध में निर्देश दिए कि इन स्टेशनों में विद्युत के साथ–साथ सोलर सिस्टम का विकल्प भी शामिल किया जाए।

ईवी चार्जिंग हेतु स्थान सुरक्षित कर निःशुल्क चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के इच्छुक निजी संस्थानों से चर्चा करने के निर्देश निगमायुक्त को दिए।उन्होंने बाल संप्रेषण गृह, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत ईएमटी भर्ती प्रक्रिया, ब्लड डोनेशन वाहन, एक्स–रे मशीन खरीदी, नगर पंचायत पाली में बोर खनन,इमलीछापर–तरदा मार्ग के भू–अर्जन राशि वितरण, रेडी टू ईट निर्माण मशीन संचालन, हाईटेक नर्सरी निर्माण, मातृ वंदना योजना तथा जनपद सीईओ अंतर्गत प्रकरणों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, डीएफओ कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, निगमायुक्त श्री आशुतोष पांडेय, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल सहित एसडीएम एवं सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करने के साथ दावा–आपत्ति आमंत्रित



**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को कर दिया गया है। इस संबंध में जिले के विधानसभा रामपुर एवं कटघोरा के ईआरओ द्वारा राजनैतिक दलों की बैठक लेकर जानकारी दी गई।

1. मतदान केन्द्रों की संख्या युक्तियुक्तकरण के उपरांत कोरबा जिले में विधानसभा अनुसार मतदान केन्द्रों की स्थिति इस प्रकार है– विधानसभा क्षेत्र 20 – रामपुर : 306 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 21 – कोरबा : 299 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 22 – कटघोरा : 283 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 23 – पाली तानाखार : 323 मतदान केन्द्र 2. कुल मतदाताओं की संख्या (दिनांक 23.12.2025 की स्थिति में)– रामपुर (20) – 2,05,293, कोरबा (21) – 2,05,856, कटघोरा (22) – 1,91,194, पाली तानाखार (23) – 2,15,067, कुल – 8,17,410 मतदाता।. दावा–आपत्ति अवधिमतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन हेतु दावा–आपत्तियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्राप्त दावों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। 4. दावा–आपत्ति की साप्ताहिक जानकारी ऑनलाइन उपलब्धनिर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन (दिनांक 23.12.2025) के उपरांत प्राप्त साप्ताहिक दावा–आपत्ति की जानकारी सर्वसामान्य के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जा रही है। तद्नुसार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 (रामपुर), 21 (कोरबा), 22 (कटघोरा) एवं 23 (पाली तानाखार) की प्रारूप 9, 10, 11, 11ए एवं 11बी की सूची 29.12.2025 तक की स्थिति में जिला कोरबा की वेबसाईट के निर्वाचन पोर्टल में अपलोड कर दी गई है, जो जनसाधारण हेतु उपलब्ध है।

# पारदर्शी धान खरीदी से किसान रंजीत डहरिया को मिला मेहनत का पूरा मूल्य

### सर्वाधिक समर्थन मूल्य की धान खरीदी बनी किसान की आर्थिक मजबूती का आधार

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू की गई सर्वाधिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था आज किसानों के लिए भरोसे का मजबूत आधार बन चुकी है। धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही पारदर्शी एवं त्वरित खरीदी व्यवस्था ने कृषकों के जीवन को सशक्त बनाया है।

कोरबा विकासखण्ड के ग्राम गोढ़ी के निवासी किसान श्री रंजीत डहरिया पिता संतकुमार, ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने परिश्रम का उचित मूल्य प्राप्त किया है। श्री डहरिया लगभग 6 एकड़ कृषि भूमि पर धान की खेती करते हैं। इस वर्ष उन्होंने सहकारी समिति नकटीखार में 102 क्विंटल धान का विक्रय किया। धान विक्रय के दौरान समिति में तौल, पंजीयन एवं भुगतान की प्रक्रिया पूरी तरह सरल, पारदर्शी और समयबद्ध रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। सरकार द्वारा घोषित सर्वाधिक समर्थन मूल्य'पर धान बिकने तथा समय पर भुगतान मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

श्री रंजीत डहरिया बताते हैं कि पिछले वर्ष धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग उन्होंने अपनी बहन की शादी में किया, जिससे परिवार की एक बड़ी जिम्मेदारी सहजता से पूरी हो सकी और उन्हें किसी प्रकार का कर्ज नहीं लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसानों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है। धान विक्रय के बाद राशि सीधे बैंक खाते में जमा हो जाती है, जिससे आगे की खेती की तैयारी



और घरेलू आवश्यकताओं की योजना बनाना आसान हो जाता है।

श्री डहरिया के अनुसार, छत्तीसगढ़ सरकार की त्वरित एवं पारदर्शी धान खरीदी नीति न केवल किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिला रही है, बल्कि उनके सपनों को साकार करने का माध्यम भी बन रही है। इस योजना से किसान अब बिना किसी चिंता के खेती कर पा रहे हैं, जिससे उनके जीवन में स्थिरता,

## डीजे संचालको की हुई बैठक,कई निर्णय

**कोरबा ।** कोरबा–पश्चिम क्षेत्र के बांकीमोंगरा थाना परिसर में डीजे व ढाबा संचालको की विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित सहायक उपनिरीक्षक एन.एल. टंडन ने बताया कि नव वर्ष को लेकर पुलिस सतर्क मोड पर रहेगी। हुडदंगियों पर पैनी नजर रहेगी। इसी कड़ी में सभी डीजे वालो को थाने में बुला कर चेतावनी दी गई कि नववर्ष को लेकर कोई भी आयोजनों में डीजे का संचालन करना है तो सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी से सूचना प्रपत्र के माध्यम से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुमति की एक प्रति संबंधित थाने में जमा करना होगा और एक प्रति को सामने वाहन में चस्पा करना अनिवार्य होगा। कोलाहल अधिनियम को ध्यान में रखते हुए।

## पूर्वांचल सर्व समाज विकास समिति में विकास और प्राणनाथ को दिया गया अहम दायित्व

**कोरबा।** कोरबा पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति के केन्द्रीय कार्यालय राजेन्द्र प्रसाद भवन, रिकाण्डो रोड, कुआँभट्टा, कोरबा में समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के लगभग 50 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में





विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा के उपरांत *सर्वसम्मति से विकास सिंह को समिति का कार्यवाहक अध्यक्ष तथा प्राण नाथ मिश्रा को पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) नियुक्त किया गया.संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आगामी दिनों में जिला स्तर पर कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए आगामी माह में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी.बैठक में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह, संरक्षक राजकिशोर प्रसाद, सचिव अरविंद शर्मा, बृज भूषण प्रसाद, विजय यादव, पवन विश्वकर्मा, सुनील सिंह, अमित सिंह, धन्नू यादव, परवेज अंसारी, राजेश यादव, सोनू सिंह, अभय शर्मा, शम्भू सिंह, रमेश सिरका, कौशल साहू, बच्चू सिंह, रामायण साहू, सुनील अग्रवाल, जयंत कुमार, अभिनव कुमार, परशुराम, प्रमोद कुमार, काशीराम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## पाली जनपद के मादन पंचायत में बन रही सीसी रोड की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल, स्टीमेट के विपरीत घटिया निर्माण कराकर लाखों बचाने का खेल, ग्रामीण करेंगे कलेक्टर से शिकायत

**कोरबा।** पाली ग्राम पंचायतों के विकास हेतु निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा लाखों रुपए की राशि जारी की जाती है, लेकिन सरपंच, सचिव व अधिकारियों के मिलीभगत के चलते घटिया निर्माण कराकर स्वीकृत राशि के अधिकतर का कमीशनखोरी कर लिया जाता है, नतीजतन निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन होने के चलते कुछ ही महीनों में जर्जर होकर अपना अस्तित्व खोने लगती है।ऐसा ही मामला जिले के पाली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मादन का सामने आया है। जहां मुख्यमार्ग फारेस्ट काष्टागार से मादन बस्ती तक करीब 20 लाख की लागत से निर्माण किये जा रहे सीसी रोड में गुणवत्ता को हासिये पर रख दिया गया है और स्टीमेट के विपरीत घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि सीमेंट, गिट्टी, रेत का अनुपात नियमो के विपरीत है तथा जहां हाथ से काम कराकर ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मुहैया कराना था, वहां मिलर मशीन से सामाग्री तैयार कर सीसी रोड निर्माण को अंजाम दिया जा रहा है। इससे गरीब ग्रामीणों की आजीविका छीन ली गई है। इस निर्माण में सड़क पर पालीथिन की जगह रेत की मोटी परत बिछाई गई है और सीधे ढलाई कराया जा रहा है, निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का भी इस्तेमाल नही किया जा रहा है। यहां निर्मित होने वाले सीसी रोड के किनारे सतह को 8 इंच का दिखाया जा रहा है वहीं बांकी हिस्सा महज 3 से 4 इंच ही ढलाई हो रहा है। गंभीर पहलू तो यह है कि सड़क निर्माण के साथ ही पाइप लाइन डालने के नाम पर कोर कटिंग की तैयारी शुरू कर दी गई है। यानी पक्की सड़क पूरी तरह तैयार होने के पहले ही उसे तोड़ने की योजना निर्माण के फलीभूत में सोचनीय पहलू है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव ने मोटी कमीशन तय कर निर्माण कार्य को एक अघोषित ठेकेदार के हाथों सौंप दिया है और कार्यस्थल का कभी निरीक्षण भी नही करने गए। जिसके कारण ठेकेदार नियमो और मानकों की अनदेखी करते हुए मनमर्जी से लाखों के सीसी रोड निर्माण को अंजाम दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस निर्माण को



## मेडिकल कॉलेज को आबंटित जमीन में कई लोगों ने कर लिया हुई कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार भैसमा के.के. लहरे एवं राजस्व टीम द्वारा ग्राम भूलसीडीह स्थित मेडिकल कॉलेज हेतु आबंटित पार्ट–2 की शासकीय भूमि में की गई कार्रवाई के तहत कुल 28.00 एकड़ भूमि में से 18.00 एकड़ रकबा सरपंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बेजा कब्जों से मुक्त कराया गया है।कार्रवाई के दौरान राजस्व अमले एवं ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता से भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु संरक्षित किया गया। जिला प्रशासन ने ग्राम भूलसीडीह के सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की है।कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा स्वीकृत सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## एसईसीएल बोर्ड द्वारा ग्राम नरईबोध के भू–विस्थापितों के लिए ग्राम जरहाजेल में पुनर्वास स्थल को दी गयी मंजूरी

**कोरबा ।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा–पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के निदेशक मंडल ने गेवरा ओसीपी (ओपन कास्ट प्रोजेक्ट) के ग्राम नरईबोध के भू–विस्थापितों के पुनर्वास और पुनर्वस्थापन के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, एसईसीएल बोर्ड ने कुसमुंडा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जरहाजेल की 74.71 एकड़ (30 हेक्टेयर) भूमि को पुनर्वास स्थल के रूप में उपयोग करने के प्रस्ताव को आधिकारिक स्वीकृति दे दी है।

यह निर्णय भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा 'अधिनियम 1957' के तहत अधिग्रहित भूमि के बहुउद्देशीय उपयोग के लिए जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप लिया गया है।

आर्थिक और तकनीकी व्यवहार्यता का विश्लेषण

एसईसीएल बोर्ड द्वारा भूमि की प्रकृति और कोयला उपलब्धता पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि यद्यपि ग्राम जरहाजेल की भूमि कोयला युक्त है लेकिन सीएमपीडीआईएल की रिपोर्ट के अनुसार यहाँ केवल भूमिगत खनन ही संभव है वर्तमान में यहाँ कोयला उत्पादन की लागत (लगभग 2309–2936 प्रति टन) इसकी अधिसूचित कीमत (1600 प्रति टन) से कहीं अधिक है। आर्थिक रूप से अलाभकारी होने के कारण इस भूमि का उपयोग पुनर्वास जैसे सामाजिक कार्यों के लिए करना सर्वोपरि समझा गया।

आधुनिक तकनीक से सुरक्षा सुनिश्चितभविष्य में भूमि धंसने की आशंकाओं को खारिज करते हुए एसईसीएल ने उन्नत तकनीकी समाधानों पर जोर दिया है। इसके अंतर्गत कहा गया हैं।सुरक्षा उपाय–सैंड स्टोइंग और पेस्ट फिल जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा ताकि भूमि की स्थिरता बनी रहे।

स्थिरता जांच–क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी द्वारा डंप का निरीक्षण कर उसे स्थिर पाया गया है।

नागरिक अवसंरचना–साइट पर जल निकासी प्रणाली और रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी समस्या न हो।

पुनः विस्थापन की आवश्यकता नहीं

एसईसीएल प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि इन सुरक्षा उपायों के बाद ग्रामीणों को भविष्य में दोबारा विस्थापित करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थानीय पार्षद और ग्रामीणों ने भी इस प्रक्रिया के प्रति अपनी सहमति और विश्वास व्यक्त किया है सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

इस निर्णय से गेवरा परियोजना के विस्तार और नरईबोध गांव के निवासियों के व्यवस्थित पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त हो गया है जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास के साथ–साथ सामाजिक स्थिरता भी सुनिश्चित होगी।

# अकलतरा क्षेत्र में 2025 का अंतिम धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

**अकलतरा।** अकलतरा ग्राम पोड़ी दल्हा में सृजन कला धर्मजागरण एवं आध्यात्मिक संस्था द्वारा आयोजित तथा दैविक पथ के तत्वावधान में अघोरपीठ जनसेवा अभेद आश्रम में चल रहे श्री शिवमहापुराण कथा एवं प्रवचन सप्ताह का पंचम दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा स्थल पर सुबह से ही भक्तों की उपस्थिति बनी रही और पूरा वातावरण शिवमय नजर आया। वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पूज्य रामानुज सत्यम कृष्ण शुक्ल महाराज ने व्यासपीठ से श्री शिवमहापुराण की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।



उन्होंने भगवान शिव की महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, भक्तों पर शिव कृपा तथा शिवभक्ति के महत्व को सरल, सहज और भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया। उनके प्रवचनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक महाराज ने कहा कि श्री शिवमहापुराण का श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पापों का नाश होता है और जीवन में सुख, शांति तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगवान शिव को आशुतोष बताते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धा और निष्काम भक्ति से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों के सभी कष्टों का निवारण करते हैं। महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने जीवन में सत्य, भक्ति और सेवा को अपनाने का संदेश भी दिया। पंचम दिवस की कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवभक्ति में लीन नजर आए। कथा के दौरान वातावरण पूर्णत: भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया।श्री शिवमहापुराण कथा में क्षेत्र के श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान कर रहे हैं और धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से प्रतिदिन संध्या आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। कथा सप्ताह के आगामी दिनों में भी भक्तों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। श्री शिव महापुराण कथा को संबोधित करते व्यास पीठ पर रामानुज सत्यम कृष्ण महाराज व श्रद्धालु।

# एसआईआर के आवेदनों में कई लाख मिली त्रुटियां

**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा जिले में मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 अभियान जारी है। इस अभियान के तहत जिले में सामने आए 2 लाख 34991 लॉजिकल एरर को दूर करने की जिम्मेदारी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) निभा रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 28 अक्टूबर 2025 से हुई है। इसके अंतर्गत 2025 की मतदाता सूची का तुलनात्मक मिलान 2003 की मतदाता सूची से किया गया।



प्रक्रिया में मतदाताओं से संबंधित कई प्रकार की विसंगतियां सामने आईं, जिन्हें लॉजिकल एरर की श्रेणी में रखा गया है। ये एरर तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि मतदाता के व्यक्तिगत विवरणों में पाई गई तार्किक असंगतियां हैं। एसआईआर के तहत मतदाताओं में से 6 लाख 39378 मतदाताओं (91.45%) से इलेक्टर फॉर्म लिए गए हैं। वहीं 16,256 मतदाता (2.33%) मृत पाए गए हैं। 38,857 मतदाता (5.56%) स्थानांतरित या अनुपस्थित मिले हैं। इसके अलावा 4,467 मतदाता (0.64%) ऐसे हैं, जिनके नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं।

जिले को कैटेगरी-सी में रखा गया है। वहीं 28,838 चिह्नांकित मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस वाले मतदाताओं को आयोग की ओर से निर्धारित 13 वैध दस्तावेजों में से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इनमें केंद्र या राज्य सरकार या फिर सार्वजनिक उपक्रम की ओर से जारी पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (ओबीसी/एससी/एसटी), परिवार रजिस्टर, भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र सहित आधार से संबंधित मामलों में आयोग के नवीन निर्देश शामिल हैं।

मतदाता के रिकॉर्ड में दर्ज आयु, पारिवारिक संबंध, नाम या लिंग जैसे विवरण वास्तविक तथ्यों से मेल नहीं खाते या आपसी तुलना में असामान्य होते हैं, तो उन्हें लॉजिकल एरर कहा जाता है। जैसे किसी मतदाता की आयु 45 वर्ष से अधिक है, लेकिन उसका नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। माता-पिता और संतान की आयु में बहुत कम या अत्यधिक अंतर दर्ज है, तो यह लॉजिकल एरर माना जाएगा। त्रुटियों के निराकरण के लिए बीएलओ बीएलओ एप के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं।

वे संबंधित मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर सत्यापन कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक प्रविष्टि सही और प्रमाणित हो सके। इन त्रुटियों के निराकरण के लिए बीएलओ बीएलओ एप के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वे संबंधित मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर सत्यापन कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक प्रविष्टि सही व प्रमाणित हो सके।

## ठंडी के मौसम में भी बनाहिल के लोगों को पानी नहीं, प्रशासन से शिकायत

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत बनाहिल में हैंडपंप और बोर सूखने से पेयजल संकट गहराने पर सरपंच और ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम सुमित बघेल को ज्ञापन सौंपा। सरपंच अजय कुमार कैवर्त ने बताया कि हैंडपंप और बोर सूखने से ग्रामीणों को सर्दी के मौसम में भी पीने के पानी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। कई स्थानों पर स्थापित हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं। पानी नहीं मिलने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे समय और श्रम की बर्बादी हो रही है।



नल जल योजना के तहत कई वार्डों में पाइपलाइन नहीं बिछी और पानी टंकी से आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिला। कुछ लोगों द्वारा भूमिगत जल स्रोत का अवैध उपयोग करने से समस्या और बढ़ गई है। जल संकट के चलते ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है और यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो स्थिति विकट हो सकती है। पिछले वर्ष भी पेयजल संकट पर ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों की मांग है कि खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जाए और नए हैंडपंप लगाए जाएं। एसडीएम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को हैंडपंपों की मरम्मत और पेयजल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

## जनगणना से पहले शहर-गांव की सीमाएं होंगी दुरुस्त

**जांजगीर।** जनगणना 2027 को पूरी तरह डिजिटल और अधिक सटीक बनाने प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।गांव-शहरों की भौगोलिक सीमा और लोकेशन को गूगल अर्थ प्रो के जरिए दुरुस्त किया जाएगा, ताकि जनगणना के दौरान कोई भी बसाहट क्षेत्र छूट न जाए और किसी भी क्षेत्र का दूसरे क्षेत्र में ओवरलैप न हो। इसे लेकर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी तहसीलदार और कर्मचारी शामिल हुए।जनगणना 2027 दो चरण में और पूरी तरह डिजिटल कराई जानी है। जनगणना 2027 से पहले किए गए परीक्षण अभ्यास के दौरान महासमुंद जिले की महासमुंद तहसील, कबीरधाम जिले की कुकदूर तहसील और रायपुर नगर निगम के वार्ड-52 में कई गंभीर खामियां सामने आईं। परीक्षण में पाया गया कि गांवों और शहरों की वास्तविक स्थिति और सत्यापित मानचित्रों में अंतर है। गूगल अर्थ प्रो पर दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण इस तकनीकी कार्य को पूरा करने जिला स्तर पर गूगल अर्थ-प्रो के उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# कार्योलयों में कामकाज नहीं, कर्मियों को राहत

## इस बार भी वही पिछली मांगों के लिए हड़ताल पर गए कर्मी

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले तीन दिवसीय कलम बंद-काम बंद हड़ताल शुरू हो गई है। इस आंदोलन में 50 से अधिक संगठनों के 10 हजार से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं।

फेडरेशन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सी-मार्ट परिसर में धरना-प्रदर्शन कर रहा है। कर्मचारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।



फेडरेशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले भाजपा नेताओं ने %मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारी-अधिकारियों की मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, सरकार बनने के दो साल बाद भी इन मांगों पर कोई ठोस पहल या चर्चा नहीं हुई है।पदाधिकारियों ने इसे वादाखिलाफी बताते हुए कहा कि यह आंदोलन सरकार को अपना वादा याद दिलाने के लिए किया जा रहा है। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है, तो राज्य फेडरेशन से चर्चा कर उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

इस तीन दिवसीय हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। राजस्व कार्य, पंचायतों का कामकाज सहित अन्य शासकीय सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। जिला अस्पताल जांजगीर-चांपा में भी हड़ताल का असर पड़ा है, जहां तीन दिनों तक ओपीडी बंद रहेगी। केवल आपातकालीन सेवाएं ही जारी रहेंगी, जिससे आम मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## शराब के पैसे नहीं देने पर गला रेता

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में शराब के लिए पैसे न देने पर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपी ने धारदार हथियार से उसका गला रेतने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, पीड़ित का नाम मंगलूराम यादव (45) है। जो ग्राम बेहराडीह का रहने वाला है। 29 दिसंबर की शाम करीब 4.30 बजे वह तालाब की ओर से लौट रहा था। इस दौरान पड़ोसी ओमप्रकाश यादव ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे।

मंगलूराम के मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर ओमप्रकाश ने चाकू निकालकर मंगलूराम के गले पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में मंगलूराम को गंभीर चोट लगी और बहुत ज्यादा खून बह गया।

घटना की सूचना मिलते ही चांपा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार किया। आरोप के पास से चाकू जब्त कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## उत्तर से आने वाली हवा की रफ्तार थमी, 3 से चढ़ेगा पारा

**जांजगीर।** जिले में जनवरी माह में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। सुबह के समय कोहरा छाया रहता है, जिससे दृश्यता कम हो जाती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, दोपहर में तेज धूप निकलने से ठंड से राहत मिल रही है।



दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जबकि रातें अब भी ठंडी बनी हुई हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। सोमवार की तुलना में अधिकतम स्थिर रहा, जबकि न्यूनतम तापमान एक डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 42 घंटे में ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। उत्तर दिशा से कम मात्रा में हवा आने से दो जनवरी तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री का इजाफा हो सकता है। दिन का पारा 28 डिग्री तक और रात का पारा 14 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। इस स्थिति में दोपहर में लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ सकता है। अधिकतम तापमान में इजाफा होने का सिलसिला 3 जनवरी से शुरू हो सकता है।लोगों को अलसुबह ठंड का सामना करना पड़ सकता है पिछले दो-तीन दिन से न्यूनतम तापमान सामान्य 11 डिग्री से न ज्यादा और न ही कम रहा। उत्तर दिशा से हवा आने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। ऐसे में रात और अलसुबह लोगों को ठंड का सामना करना पड़ सकता है। सुबह से दोपहर तक अधिकांश समय मौसम साफ रहने के साथ सूर्य की तपिश की वजह से गर्मी और उमस का अनुभव होगा।

## कन्हाईबंद में श्रीकृष्ण की बाल लीला का मंचन, मेला भी लगाया

**सिवनी।** ग्राम कन्हाईबंद में नारायणी सेना द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को समर्पित भव्य और आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष आयोजन में द्वापर युग की उस पौराणिक घटना का सजीव मंचन किया गया, जब कान्हा की गेंद यमुना नदी में गिर गई थी और उन्होंने कालिया नाग का मर्दन किया था।

कार्यक्रम के दौरान तालाब के बीचों-बीच कृष्ण और कालिया नाग के युद्ध का दृश्य मंचित किया गया, जिसे देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों ने इसे श्रद्धा और रोमांच का अद्भुत संगम बताया। इस धार्मिक उत्सव की शोभा को बढ़ाने के लिए संगीतकार लक्ष्मीनारायण पाण्डेय और उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। नाग लीला के अवसर पर मेला भी आयोजित किया गया। बच्चों के लिए झूले और खिलौनों के स्टाल, विभिन्न व्यंजन की दुकानें और मनोरंजन के अन्य साधन आकर्षण रहे।

## अविनाश बपे जन शिकायत परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**जांजगीर।** नगर के रहने वाले अविनाश सिंह राठौर को भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (शिकायत शाखा) के पद पर नियुक्त किया गया है। यह परिषद एक पंजीकृत संस्था है, जो प्रशासनिक सुधार और जन शिकायतों के समाधान के लिए

# असहमति में भी सम्मान बनाए रखते थे अटल: जांगड़े



**जांजगीर-चांपा।** अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि वाणी में मर्यादा, संकल्प में अटल यह वाक्य अटल बिहारी वाजपेयी के संपूर्ण व्यक्तित्व का सार है। उनकी वाणी में शालीनता, संयम और गरिमा थी।

वे असहमति में भी सम्मान बनाए रखते थे। जहां उनकी भाषा में विनम्रता थी, वहीं राष्ट्रहित के निर्णयों में उनका संकल्प अडिग था। पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर सुशासन की नींव रखने तक अटल जी ने देश की गरिमा से कभी समझौता नहीं किया। क्रेडा अध्यक्ष एवं जांजगीर-चांपा विधानसभा प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत की आत्मा की आवाज थे। उनके विचारों में भारतीय सभ्यता, शब्दों में लोकतंत्र की मर्यादा और कर्मों में राष्ट्रसेवा की निष्ठा दिखाई देती थी।

उन्होंने राजनीति को टकराव नहीं, संवाद का माध्यम बनाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, संचार क्रांति और छत्तीसगढ़ राज्य का गठन अटल जी की दूरदर्शिता के उदाहरण हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल सुशासन का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने गठबंधन की सरकार को सफलतापूर्वक चलाकर देश को स्थिर और पारदर्शी शासन दिया। सामान्य परिवार से उठकर प्रधानमंत्री बनने तक का उनका जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण की मिसाल है। सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाना बना रही महिला की साड़ी में लगी आग, मौत

**रायगढ़।** रविवार को धरमजयगढ़ के वार्ड नंबर 12, नीचेपारा में खाना बनाते समय महिला की साड़ी में आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने आग बुझाकर उसे तत्काल सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति में रायगढ़ रेफर किया गया। एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतका खेबा माली (47) घर में 21 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान उसकी साड़ी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग पूरे शरीर में फैल गई। परिवार के लोग कुछ समझ पाते उससे पहले महिला के कमर के नीचे दोनों पैर बुरी तरह झुलस गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद रायगढ़ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच में जुटी है।

## गांजा तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**रायगढ़।** कापू पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी नितेश अग्रवाल को ग्राम सलकेता से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। यह मामला 15 जुलाई का है, जब पुलिस ने गोढ़ीखुर्द के पास नाकेबंदी कर 984 ग्राम गांजे के साथ ईश्वर चंद यादव को पकड़ा था।उस दौरान उसका साथी नितेश अग्रवाल मौके से फरार होने में कामयाब रहा था। गिरफ्तार आरोपी ईश्वर ने पूछताछ में तस्करी में नितेश की संलिप्तता स्वीकार की थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सलकेता में दबिश देकर नितेश को धर दबोचा। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## जूटमिल लेबर कॉलोनी में सीमांकन का विवाद, कब्जा करने का आरोप

**रायगढ़।** अक्टूबर माह में जूटमिल क्षेत्र स्थित लेबर कॉलोनी में सीमांकन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया था। कॉलोनी में निवासरत लोगों ने जमीन खरीदने वाले व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए थे। रहवासियों का कहना था कि संबंधित खरीदार ने खरीदी गई जमीन की आड़ में कई एकड़ शासकीय भूमि पर भी कब्जा करना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने यह आरोप भी लगाया कि इलाके में मौजूद सरकारी तालाब की पटाई कर उसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है। तालाब की मिट्टी भराई और सीमाओं से छेड़छाड़ को लेकर कॉलोनीवासियों में भारी नाराजगी देखी गई। आरोप सामने आने के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता चला गया और क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। शिकायतों के बाद राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कई दिनों तक जमीन की नापजोख और सीमांकन की प्रक्रिया चली। इस दौरान दस्तावेज की जांच की गई और वास्तविक सीमा तय करने का प्रयास किया गया। सीमांकन के दौरान भी मौके पर लोगों की भीड़ जुटती रही और प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की जाती रही।


साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / कुस / क्षेत्र / भू रा / 2025 / 1288 — दिनांक 18.11.2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र ग्राम पाली कि 296.795 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) Concept के आधार पर 147 भू स्वामियों / आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी / आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिका अनुसार है-

| क्र | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम / पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | रकबा (एकड़ में) | कुल रकबा (एकड़ में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों / नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी / उम्मीदवार का नाम | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | |
| 1 | किरनलता पति संतलाल | 119 | 55 / 1, 418 / 1, | 0.17, 0.54 | 0.71 | ओमप्रकाश यादव पिता संतलाल संबंध - पुत्र | नामांकन पत्र | किरनलता पति संतलाल फौत वारिसान जगतनारायण ओमप्रकाश पिता दुर्गा हेमलता पिता संतलाल ध्रुव यादव पिता स्व आशिष | ओमप्रकाश यादव पिता संतलाल यादव | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों / दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | किरनलता पति संतलाल फौत वारिसान जगतनारायण ओमप्रकाश पिता दुर्गा हेमलता पिता संतलाल ध्रुव यादव पिता स्व आशिष | ओमप्रकाश यादव पिता संतलाल यादव | |
| | | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. सं. 119 | किरनलता पति संतलाल | | |
| | | | | | | | बी- 1 वर्ष 2008-09 | किरनलता पति संतलाल | | |
| | | | | | | | बी- 2 वर्ष 2008 से 2013 | किरनलता पति संतलाल | | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | किरनलता पति संतलाल | | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | किरनलता पति संतलाल | ओमप्रकाश यादव पिता संतलाल | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | | ओम प्रकाश यादव पिता संतलाल | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | | ओम प्रकाश यादव पिता संतलाल | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं) | | ओमप्रकाश यादव पिता संतलाल यादव | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | ओमप्रकाश यादव पिता संतलाल यादव | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | | ओमप्रकाश यादव पिता संतलाल यादव | |

उक्त भूस्वामी / नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

SECL/25-26/282 — स्टाफ अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल,कुसमुण्डा क्षेत्र

## अनमोल वचन......

कुछ न करने के लिए समय निकालना अक्सर हर चीज़ को परिप्रेक्ष्य में लाता है।

# भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी

बांग्लादेश में अब सिर्फ यह मसला नहीं है कि वहां भारत विरोधी उग्रवादी तत्व सक्रिय हैं। बल्कि अब वहां भारत विरोध पर आम सहमति बन गई है। तमाम समूह भारत पर बांग्लादेश की संप्रभुता की अनदेखी करने का इल्जाम लगा रहे हैं। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में फंसे कांटे की चुभन लगातार तीखी होती जा रही है। इससे भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। तमाम संकेत हैं कि बांग्लादेश में अगले 12 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए गरमाते माहौल के बीच राजनीतिक समूहों में अधिक से अधिक भारत विरोधी दिखने की होड़ लग गई है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की भारत में मौजूदगी को वहां के भारत विरोधी तत्वों ने गरम मुद्दा बना रखा है। इसी सिलसिले में ताजा घटना जुलाई ओइक्यो नाम के एक संगठन का ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग पर प्रदर्शन करने का कार्यक्रम है।

एक अन्य संगठन ने खुलेआम कहा है कि वह भारत विरोधी उग्रवादी संगठनों को संरक्षण देगा। इन घटनाओं के मद्देनजर ही बुधवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया। भारत ने औपचारिक विरोध दर्ज कराया। कहा कि ढाका में भारतीय मिशन और वीजा केंद्र को सुरक्षा देना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी है। कट्टरपंथी तत्वों की तरफ से फैलाए गए झूठे नैरेटिव के मद्देनजर भारत ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने घटनाओं की ना तो पूरी जांच की है और ना ही भारत के साथ कोई ठोस सबूत साझा किया है।

फिलहाल ढाका में वीजा केंद्र को बंद कर दिया गया है। बांग्लादेश में बनते हालात के मद्देनजर यह सख्ती सही कदम है, मगर इससे गंभीर रूप ले रही समस्या का समाधान निकलने की संभावना नहीं है। बांग्लादेश में अब सिर्फ यह मसला नहीं है कि वहां भारत विरोधी उग्रवादी तत्व सक्रिय हैं। बल्कि अब वहां मौजूद राजनीतिक समूहों में भारत विरोध पर आम सहमति है। ये समूह भारत पर बांग्लादेश की संप्रभुता की अनदेखी करने और वहां के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का इल्जाम मढ़ रहे हैं। जब से शेख हसीना को कई मामलों में कठोर सजाएं सुनाई गई हैं, माहौल और बिगड़ा है। इस माहौल में सद्भावपूर्ण संवाद भी कठिन होता जा रहा है। भारत के दीर्घकालिक हितों के लिहाज से यह अच्छी स्थिति नहीं है। एक और सरहद पर सुरक्षा संबंधी चुनौतियां संगीन रूप ले लें, यह किसी रूप में वांछित स्थिति नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों को नए अवसर मिलेंगे। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में में रुचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त हो सकता हैं। आज समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा। नौकरी में मनपसंद जगह ट्रांसफर हो सकता है। आज आपके व्यापार में ग्रोथ की संभावना है। आपकी सभी योजनाएं कामयाब रहेंगी। आप इस दौरान बड़ा निर्णय सोच समझकर लें, अच्छा रहेगा परिवार वालों की भी राय ले लें। आपका दांपत्य जीवन बढ़िया रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के संयोग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आज आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला होगा। नई नौकरी मिलने की संभावना है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को मनचाहे परिणाम मिलने की उम्मीद है। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, कहीं डिनर पर जाएंगे। इस दौरान किसी प्रकार के तर्क से बचें। आप परिवार के साथ समय बिताने की कोशिश करेंगे। उनकी खुशियों का ध्यान रखेंगे व्यस्तता होने के बावजूद आप उनके साथ कहीं घूमने जाएंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को प्रमोशन के चांसेस हैं। अच्छे पद पर कहीं ट्रांसफर के योग बने हुए हैं। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र किसी प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप संपत्ति खरीदने का मन बना सकते है। आपको अधिक धन लाभ के योग हैं। वैवाहिक रिश्ते में नयी-नयी खुशियां आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या राशिः** आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल माहौल बना रहेगा। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को उचित अवसर मिलेंगे। आप अपनी टीम के अच्छे लीडर के रूप में उभर कर सामने आएंगे। आपके किसी स्टार्टअप की योजना सफल रहेगी। आप अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे। आप कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

**तुला राशिः** आज आपका दिन लाभदाई रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपको किसी पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। आज आपके नए-नए लोगों से संपर्क जुड़ेंगे, जिससे आपके करियर में लाभ होगा। आज आप जीवनसाथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में किसी बड़े से आप सलाह लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है। आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल पर जा सकते हैं। अचानक किसी अति प्रिय रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु राशिः** आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन है। आपके कार्यों की कार्यस्थल पर सराहना होगी। आज आप किसी से भी उलझने बचे। आप अपने माता-पिता के साथ किसी आध्यात्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपका रुझान दार्शनिक व्यक्तियों की ओर बढ़ेगा। आप स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें। नियमित हेल्थ की जांच कराते रहें। सामाजिक स्तर पर आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर राशिः** आज आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा। सिनेमा जगत से जुड़े लोगों को अपने क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलने के योग बने हुए है। कार्यस्थल पर आपका उत्साह बढ़ेगा।आज आप वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

**कुंभ राशिः** आपके लिए आज का दिन शुभ फलदाई साबित होगा। बिजनेस में नये काम के अवसर प्राप्त होंगे। यात्राओं से लाभ मिलने के संकेत है। आज आपको नौकरी बदलने का प्रस्ताव मिल सकता है। शोध करने वाले जो जातक विदेश जाकर काम करना चाहते हैं, उनको उचित अवसर मिलेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। घर के अन्य सदस्यों के साथ आपकी अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। व्यापारियों के लिए लाभ के योग हैं।

# सुधार एक्सप्रेस 2025: भारत के अगले विकास चरण की शांत आधारशिलाएं

//हरदीप एस पुरी//

**जैसे-जैसे 2025 अपने अंतिम चरण में पहुँच रहा है, समाचार की बड़ी सुर्खियों पर आसानी से नजर जाती है, लेकिन कुछ बातें छूट जाती हैं, जैसे शासन का शांति से किया जा रहा कार्य - लगातार, सप्ताह दर सप्ताह अड़चनों का निपटारा- सुधार एक्सप्रेस 2025 से मेरा मतलब यही संचयी जोर है। भारत का सांकेतिक जीडीपी लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर की सीमा को पार कर गया और भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। स्टैण्डर्ड एंड पूअर्स ने 18 साल बाद भारत की सॉवरेन रेटिंग बीबीबी श्रेणी में की, जो संकेत है कि अर्थव्यवस्था की वृहद् गाथा ने केवल गति ही नहीं, बल्कि स्थायित्व भी हासिल किया है। एक अनिश्चित दुनिया में, जहाँ राजनीतिक उथल-पुथल आम बात हो गयी है, भारत का स्थिर नेतृत्व सुधारों को विश्वसनीय बनाता है और विश्वसनीय सुधार निजी सतर्कता को निजी निवेश में परिवर्तित करते हैं।**

मैंने देखा है कि गैट और डब्ल्यूटीओ प्रणाली से लेकर बहुपक्षीय मंचों तक, नियम केवल उतने ही अच्छे होते हैं जितना कि वे प्रोत्साहन पैदा करते हैं। जब प्रक्रियाएँ अस्पष्ट होती हैं, तो विवेकाधिकार बढ़ जाता है और फिर अच्छी मंशा वाली नीति भी उद्यम को हतोत्साहित करती है। जब प्रक्रियाएँ स्पष्ट और समयबद्ध होती हैं, तो प्रतिस्पर्धा फलती-फूलती है, निवेश योजनाएँ लागू होती हैं और रोजगार सृजित होते हैं।

भारत का कुल निर्यात 2024-25 के दौरान 825.25 बिलियन डॉलर पर पहुँच गया, जो 6त्न से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर दर्शाता है। इस व्यापार की मात्रा का समर्थन करने के लिए, सरकार ने कई डिजिटल उपकरण पेश किये हैं, जैसे व्यापार कनेक्ट ई-प्लेटफ़ॉर्म, जो निर्यातकों के लिए एकल डिजिटल विंडो है और व्यापार खुफिया और विश्लेषण (टीआईए) पोर्टल, जो वास्तविक समय में बाजार डेटा प्रदान करता है।

भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता, जिस पर जुलाई 2025 में हस्ताक्षर हुए, ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया, जिसमें व्यापक शुल्क-मुक्त पहुंच और सेवा और कौशल आवागमन के लिए स्पष्ट मार्ग शामिल हैं। दिसंबर 2025 में, भारत ने ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के लिए एक रणनीतिक आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता का भी समापन किया, जिससे भारत की पहुंच को उच्च मूल्य वर्ग वाले बाजारों में विस्तार मिला और अनुशासित, व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण समझौतों के लिए एक रूपरेखा स्थापित हुई।

भारत के स्टार्टअप क्षेत्र का विस्तार हुआ, जिसमें 2 लाख से अधिक सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप शामिल हैं और जिसने 21 लाख से अधिक नौकरियां सृजित करने में मदद की। डिजिटल वाणिज्य के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) ने 3.26 करोड़ से अधिक ऑर्डर पूरे किए, जिनमें औसतन प्रतिदिन 5.9 लाख से अधिक लेनदेन हुए। इसके अतिरिक्त, सरकार की ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) का संचयी लेनदेन 16.41 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया, जिसमें 11 लाख सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 7.35 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के ऑर्डर मिले।

भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में भी अपनी स्थिति में सुधार किया और 139 अर्थव्यवस्थाओं में 38वें स्थान पर पहुँच गया। व्यवसाय संचालन को सरल बनाने के प्रयासों के परिणामस्वरूप 47,000 से अधिक अनुपालन कम हुए और 4,458 कानूनी प्रावधान अपराध मुक्त हुए। नवंबर के अंत तक, राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली ने 8.29 लाख से अधिक अनुमोदनों को संसाधित किया। अवसंरचना योजना में भी बदलाव देखने को मिला, क्योंकि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को निजी क्षेत्र के लिए खोला गया और परियोजना निगरानी समूह पोर्टल ने 3,000 से अधिक परियोजनाओं को शामिल किया है, जिनका कुल मूल्य 76 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

विश्वास-आधारित शासन को अपनाते हुए, संसद ने निरस्तीकरण और संशोधन विधेयक 2025 पारित किया, जिससे 71 पुराने अधिनियमों को हटा दिया गया, जो अपनी उपयोगिता पूरी कर चुके थे। व्यवसाय करने में आसानी भी जिले स्तर की सुधार रूपरेखाओं के माध्यम से उद्यमियों के करीब आई, जिसमें जिला व्यवसाय सुधार कार्य योजना 2025 शामिल है, जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रशासन को अधिक उत्तरदायी, पूर्वानुमान योग्य और जिम्मेदार बनाना है। आधुनिक श्रम प्रणाली पैमाने, विनिर्माण और एक ऐसी सेवा अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, जो नौकरियों को औपचारिक बनाना चाहती है और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना चाहती है। 21 नवंबर 2025 से लागू हुई 4 श्रम संहिताओं के साथ, 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को पारिश्रमिक, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा को कवर करने वाली सरल रूपरेखा में समेकित किया गया है। प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक पेश किया गया ताकि प्रतिभूति कानून को आधुनिक बनाया जा सके और सेबी की जांच और प्रवर्तन क्षमता को मजबूत किया जा सके। इस विधेयक में विशेष बाजार न्यायालयों, नियामकों के साथ सूचना साझा करने की मजबूत व्यवस्था और समयबद्ध शिकायत निवारण के प्रस्ताव शामिल हैं। ऐसे समय में जब खुदरा भागीदारी बढ़ी है और भारत वैश्विक पोर्टफोलियो की अधिक रूचि आकर्षित कर रहा है, नियामक स्पष्टता राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन जाती है, जिससे बचत का प्रवाह उपयोगी निवेश की ओर होता है। लॉजिस्टिक्स एक अन्य क्षेत्र है, जहां लागतों में सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई देता है और 2025 में व्यापार के समुद्री घटक को आधुनिक बनाने के लिए एक पहल की गई। भारत का व्यापार मात्रा के आधार पर लगभग 95 प्रतिशत और मूल्य के आधार पर लगभग 70 प्रतिशत समुद्री मार्गों से होता है, इसलिए पत्तन और पोत परिवहन की दक्षता एक प्रतिस्पर्धात्मक मुद्दा है। औपनिवेशिक युग की व्यवस्था की जगह पर भारतीय पत्तन अधिनियम 2025 पेश किया गया, जिसने आधुनिक शासन उपकरण पेश किए, जिसमें राज्य स्तर पर विवाद समाधान, एक वैधानिक समन्वय परिषद, और सुरक्षा, आपदा तैयारी, और पर्यावरण तैयारी पर कड़े नियम शामिल हैं। व्यवसायी पोत परिवहन अधिनियम 2025 और समुद्री मार्ग माल परिवहन अधिनियम 2025 ने पोत परिवहन कानून को और आधुनिक बनाया; नियम, जिम्मेदारी और विवाद व्यवस्था अद्यतन हुए, जिनमें समकालीन वाणिज्य की झलक मिलती है।

कैबिनेट ने जहाज निर्माण को मजबूत करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें 25,000 करोड़ रुपये का समुद्र विकास कोष तथा वित्तीय सहायता और विकास के घटक शामिल हैं। यह मंजूरी एक बड़े उद्देश्य की ओर इशारा करती है: औद्योगिक सुदृढ़ता का निर्माण करना, निर्भरता कम करना और समय के साथ माल मूल्य को भारत के भीतर बनाए रखना। आदर्श अर्थ में यह औद्योगिक नीति है, एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण, जहां निजी पूंजी स्पष्ट जोखिम रूपरेखा के साथ प्रवेश कर सके, और जहां नौकरियां केवल पत्तनों में ही नहीं बल्कि शिपयार्ड, घटक, इंजीनियरिंग और सेवाओं में भी पैदा होती हैं।

ऊर्जा सुधार भी दीर्घकालीन निवेश के लिए डिजाईन किये गए थे। तेलक्षेत्र संशोधन और नई पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियमावली 2025 ने पट्टे की अवधि के दौरान शर्तों की स्थिरता पर जोर देकर निवेशक जोखिम को कम करने का प्रयास किया, परियोजना जीवन चक्र के दौरान एकल पेट्रोलियम पट्टे की ओर कदम बढ़े और अनुमोदनों के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की गयी। खुला क्षेत्र लाइसेंस नीति ने अन्वेषण मानचित्र को और विस्तारित किया, जिसमें चरण एक्स ने लगभग 0.2 मिलियन वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में 25 ब्लॉक्स की पेशकश की, जो मुख्य रूप से समुद्री क्षेत्रों में थे, जिसमें गहरे पानी और अत्यधिक गहरे पानी की संभावनाएं शामिल थीं। इसके साथ ही, राष्ट्रीय गहरे पानी अन्वेषण मिशन ने जटिल अन्वेषण में घरेलू संसाधनों, प्रौद्योगिकी और क्षमता पर रणनीतिक ध्यान का संकेत दिया।

सुधार एक्सप्रेस 2025 में रणनीतिक ऊर्जा और प्रौद्योगिकी का एक आयाम भी शामिल था। बजट 2025 में नाभिकीय ऊर्जा मिशन की रूपरेखा पेश की गयी, जिसमें छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर्स और अन्य उन्नत डिज़ाइनों को तेज़ी से विकसित करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, जो 2047 तक 100 गीगावॉट नाभिकीय क्षमता हासिल करने और 2033 तक 5 स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किए गए चालू छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर्स की क्षमता निर्मित करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप है। शांति विधेयक भारत के नागरिक परमाणु रूपरेखा के आधुनिकीकरण और सावधानीपूर्वक विनियमित निजी भागीदारी के लिए मार्ग खोलने में एक बड़ा कदम है। नाभिकीय ऊर्जा ग्रिड में स्थिर, कम कार्बन ऊर्जा देती है तथा उन्नत निर्माण, डेटा अवसंरचना, और ऊर्जा-गहन उद्योगों को अधिक आत्मविश्वास के साथ विकसित करने की भारतीय क्षमता को मजबूत करती है। इन सुधारों को मिलाकर देखा जाए तो एक पैटर्न दिखाई देता है: कानूनों को सरल बनाना, मामूली अपराधों को अपराधमुक्त करना, श्रम अनुपालन को आधुनिक बनाना, बाजार शासन को मजबूत करना, व्यापार प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करना, लॉजिस्टिक्स की कमियों को दूर करना और लंबी अवधि के ऊर्जा निवेश में जोखिम कम करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार यह कहते रहे हैं कि राज्य का काम उद्यमियों को बोझ को कम करना है, ताकि उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि हो। यही सुधार एक्सप्रेस 2025 का रणनीतिक अर्थ है। दो अंकों वाली अगली विकास दर की शुरुआत इसी शांत, सतत कार्य में की गई है, और भारत इसे उस स्थिरता के साथ कर रहा है, जिसे कई अर्थव्यवस्थाओं ने खो दिया है।

# ग्रामीण विद्युतीकरण: रोशनी के साथ विकास का उजाला

//विकास शर्मा//

**केन्द्र सरकार हाल ही में ग्रामीण विकास के लिए एकीकृत योजना वी बी जी राम जी लेकर आई है। इसके पीछे व्यापक नजरिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों का टिकाऊ विकास हो। इसके लिए रोजगार सृजन और बुनियादी ढाँचा विकास पर बल दिया जाएगा। विकास की व्यापक कार्ययोजना को गति प्रदान करेगी विद्युत ऊर्जा जिसे मोदी सरकार ने अपने पिछले दो कार्यकाल में प्रमुखता प्रदान की थी। भारत जहाँ लगभग 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण है वहाँ ग्राम और ग्रामीण की ऊर्जा संपन्नता ही विकसित भारत के लक्ष्य को परवान चढ़ाएगी।**

छत्तीसगढ़ को इस मामले में बढ़त हासिल है। छत्तीसगढ़ सिर्फ सरप्लस बिजली वाला राज्य नहीं बल्कि यहाँ की बिजली लोगों की समृद्धि का बड़ा कारक है। गौर करने वाली बात यह भी है कि राज्य बनने के पहले तकनीकी रूप से प्रदेश का बहुत बड़ा हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका था पर उपभोक्ताओं की संख्या और वितरण गुणवत्ता के लिहाज से स्थिति बहुत निराशाजनक थी। बीते 25 वर्षों को इस लिहाज से अहम माना जा सकता है क्योंकि अब गाँव तकनीकी रूप से ही नहीं बल्कि जमीनी तौर पर विद्युतीकृत हैं। वैसे यह जानना रोचक है कि छत्तीसगढ़ में मध्यभारत प्रांत के दौर में (1 नवंबर 1956 के पूर्व) ग्राम विद्युतीकरण की शुरूआत हो गई थी। मोहला-मानपुर जिले के कुल्हारडोह गाँव को यह सौभाग्य मिला। यहाँ 1953 में बिजली आई, यह अलग बात है कि विद्युतीकरण की परिभाषा तब कुछ और थी। इसके बाद रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक के मानिकचौरी गाँव में अगस्त 1956 में मध्यप्रदेश बनने के पहले तथा मध्यप्रदेश बनने के बाद सबसे पहले 31 दिसंबर 1956 में बस्तर जिले के जगदलपुर ब्लॉक के जीरागाँव में बिजली की दस्तक हुई। यह सिलसिला चल पड़ा एक ङ्कएक कर सभी जिलों में बिजली पहुँचती चली गई। वर्तमान 33 जिलों में से 06 जिलों के पहले ग्राम का विद्युतीकरण वर्ष 1970 में हो गया था।

ग्रामीण विद्युतीकरण को लेकर सरकारों ने काम तो शुरू से किए पर प्राथमिकता का क्षेत्र बदलता रहा है। स्वतंत्रता बाद 50 के दशक में अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए सिंचाई के साथ ही लघु उद्यम को प्राथमिकता प्रदान की गई। 60 के दशक में अकाल के भयंकर दौर को देखते हुए विद्युतीकरण को सिंचाई पंपों के ऊर्जीकरण पर केंद्रित किया गया। 70 के दशक में सिंचाई पंपों के साथ मूलभूत अधोसंरचनाओं में बिजली उपलब्धता प्राथमिकता थी। 80 के बाद ग्रामीण आबादी तक बिजली की पहुँच को प्रमुखता दी गई। इधर बीता एक दशक बहुत अहम रहा है जब देश के हर गाँव और हर घर को रोशन करने का लक्ष्य रखा गया जिसे समय से पूर्व हासिल भी किया गया।असल में बीते 78 वर्षों में ग्रामीण विद्युतीकरण की परिभाषा बदलती रही। 1947 के बाद लगभग पाँच दशक तक ( अक्टूबर 1997 तक) किसी गाँव के राजस्व क्षेत्र में बिजली का उपयोग किए जाने पर वह गाँव विद्युतीकृत माना गया। अक्टूबर 1997 के बाद इसमें बदलाव हुआ। किसी गाँव की राजस्व सीमा के अंदर रिहायशी क्षेत्र में बिजली का उपयोग किसी भी कार्य में किया गया ( औद्योगिक, व्यावसायिक या घरेलू) तो वह गाँव विद्युतीकृत कहा गया। 17 फरवरी 2004 के बाद ग्रामीण विद्युतीकरण की परिभाषा को अधिक प्रभावी बनाया गया। गाँव की आबादी वाले क्षेत्र में वितरण लाइन , ट्रांसफार्मर जैसी बुनियादी विद्युत अधोसंरचना स्थापित हो , साथ ही दलित बस्ती में भी ऐसी अधोसंरचना विकसित हो तथा गाँव के कुल घरों में कम से कम 10 प्रतिशत घरों में विद्युत की आपूर्ति की जा रही हो तब वह गाँव विद्युतीकृत माना गया।

ग्रामीण विद्युतीकरण को प्राथमिकता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण नीति ,2006 बनाई गई। सभी घरों में वर्ष 2009 तक बिजली पहुँचाने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया। साथ ही न्यूनतम जीवन रेखा खपत 01 यूनिट प्रति घर प्रतिदिन सुनिश्चित किया गया। इस लक्ष्य को पाने के लिए राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के रूप में एकीकृत योजना अप्रैल 2005 में शुरू की गई। इससे ग्रामीण विद्युतीकरण के काम में तेजी आई पर अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू और कृषि दोनों ही श्रेणी के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवंबर 2014 को दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना ( डीडीयूजीजेवाई) शुरू की। इस योजना ने लक्ष्य आधारित परिणाम दिए हैं और आज ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विदुयत आपूर्ति हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण विद्युतीकरण के दायरे को आगे बढ़ाते हुए हर घर को रोशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया। 25 सितंबर 2017 को प्रधानमंत्री हर घर मुफ्त बिजली योजना ( सौभाग्य) लागू की गई और 2019 तक हर घर को बिजली से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया । ऑफ ग्रिड घरों को सौर ऊर्जा अथवा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा माध्यमों से रोशन करना था। इसके सुखद परिणाम आए और आज देश के हर घर में बिजली की पहुँच हो चुकी है। 28 अप्रैल, 2018 भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि इसी दिन मणिपुर का लेइसांग गांव विद्युतीकृत होने वाला अंतिम गांव बन गया। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के ही 7 लाख 31 हजार से अधिक घरों में लोगों ने पहली बार बिजली के बल्ब से रोशनी देखी। 25 वर्ष पहले तत्कालीन परिभाषा अनुसार छत्तीसगढ़ में 19609 राजस्व गाँवों में से 17108 गाँव विद्युतीकृत थे जो वर्तमान में न केवल शत प्रतिशत विद्युतीकृत हैं अपितु शत-प्रतिशत घरों में बिजली की आपूर्ति हो रही है। आज प्रदेश के 18728 गाँव ग्रिड के माध्यम से तथा 881 गाँव ऑफ ग्रिड पद्धति से बिजली प्राप्त कर रहे हैं।देश में प्रति व्यक्ति औसत विदयुत खपत 1395 यूनिट जबकि छत्तीसगढ़ में 2211 यूनिट है। इस खपत के बड़े हिस्सेदार ग्रामीण और कृषि उपभोक्ता हैं। खपत का यह आँकड़ा महज दस्तावेजी नहीं । ग्रामीण विद्युतीकरण ने गाँवों के सामाजिक और आर्थिक विकास को व्यापक ढंग से प्रभावित किया है।

## तस्वीरों की दुनिया



छत्तीसगढ़ अध्ययन दौरे पर रायपुर पहुँची संसदीय राजभाषा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट की।



अंतरराज्यीय जनसंस्कृति समागम समारोह के दौरान झारखंड के गुमला में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के साथ एक समूह तस्वीर खिंचवाई?



झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना मुर्मू सोरेन ने रांची के लोक भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



अल्मोड़ा जिले के भीकियासैंण के पास यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और मंत्री मधु बंगारप्पा के साथ बेंगलुरु में विधान सौधा स्थित अपने ऑफिस में 2026 का कैलेंडर जारी किया।





केरल के वर्कला में शिवगिरी मठ में 93वीं शिवगिरी तीर्थयात्रा के उद्घाटन के दौरान भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर सम्मानित करते हुए। केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी, केरल के मंत्री एम. बी. राजेश और कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी दिख रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में जाने-माने अर्थशास्त्रियों के साथ बजट से पहले एक मीटिंग की अध्यक्षता की।

# चमोली में सुरंग के अंदर बड़ा हादसा, दो लोको ट्रेनें टकराईं, दुर्घटना में 100 लोग हुए घायल



**चमोली, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

चमोली जिले में अलकनंदा नदी पर टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन (टीएचडीसी)की निर्माणाधीन विष्णुगाड़-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के साइट पर मंगलवार रात बड़ा हादसा हो गया। निर्माणाधीन सुरंग में कर्मचारियों, श्रमिकों के आवागमन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो ट्रालियां आपस में टकराकर पलट गईं। इन ट्रालियों को सुरंग के अंदर लोहे की पटरी में संचालित किया जाता है। हादसे में 100 लोग घायल हो गए। ट्राली में 110 इंजीनियर, कर्मचारी और श्रमिक लोग सवार थे। वे काम खत्म करने बाद लौट रहे थे। 42 घायलों को जिला अस्पताल गोपेश्वर और 17 को विवेकानंद अस्पताल पीपलकोटी में भर्ती कराया गया है। अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। दो घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलों में अधिकतर लोग बिहार, ओडिश और झारखंड के रहने वाले हैं। हादसे का प्रारंभिक कारण सामान ला रही ट्राली के ब्रेक फेल होना माना जा रहा है। हादसा मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुआ। टीएचडीसी की 448 मेगावाट की विष्णुगाड़-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के लिए एचसीसी कंपनी पीपलकोटी के हाट गांव से हेलंग तक 13.5 किमी की सुरंग बना रही है। हाट गांव से सात किमी की सुरंग बन चुकी है।सुरंग निर्माण का कार्य 10 वर्ष से चल रहा है। इसमें करीब दो हजार कार्मिक रात-दिन काम रहे हैं। मंगलवार रात जब कर्मचारियों और मजदूरों की शिफ्ट बदल रही थी और वे ट्राली से जा रहे थे। इसी दौरान सुरंग में सामान ला रही दूसरी ट्राली ब्रेक फेल होने पर उससे टकरा गई।इसके बाद दोनों ट्रालियां पलट गईं और 100 से अधिक इंजीनियर, कर्मचारी और मजदूर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी घायलों को अन्य कर्मचारी बाहर लेकर आए। साथ ही कंपनी के अधिकारियों के साथ ही आपातकालीन एंबुलेंस 108 को इसकी सूचना दी। 108 की मदद से घायलों को विवेकानंद चिकित्सालय पीपलकोटी और जिला चिकित्सालय गोपेश्वर ले जाया गया। जिलाधिकारी गौरव कुमार और एसपी सुरजीत सिंह पंवार ने रात में ही जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का हाल जाना। परियोजना निर्माण कंपनी एचसीसी के परियोजना प्रबंधक विनोद सिंह ने कहा कि एक ट्रैक पर दो ट्रालियों के चलना लापरवाही है। इसकी जांच की जा रही है। 42 घायल जिला चिकित्सालय और 17 घायलों का इलाज विवेकानंद चिकित्सालय पीपलकोटी में हो रहा है। घायलों में पांच लोगों को ज्यादा चोट आई है।

## सानंद के पास दो समुदायों के बीच झड़प, 30 हिरासत में

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद जिले के सानंद कस्बे के पास एक मामूली बात पर कहासुनी के बाद दो समुदायों के लोगों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से पत्थरबाजी हुई। इस मामले में पुलिस ने लगभग 30 लोगों को हिरासत में लिया है।एक अधिकारी ने बताया कि यह झड़प सोमवार रात और फिर मंगलवार सुबह कलाना गांव में हुई। जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने कहा कि कुछ युवकों के बीच कहासुनी के बाद दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। बाद में उन्होंने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके।उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है। स्थिति नियंत्रण में है। घटना का विवरण देते हुए जाट ने कहा कि सोमवार शाम को जब एक समुदाय के दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव के तालाब के पास से गुजर रहे थे, तो वहां बैठे दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने उनसे झगड़ा शुरू कर दिया और पूछा कि वे उन्हें क्यों देख रहे हैं।

# चारधाम यात्रा ने तोड़े रिकार्ड, 48.32 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, सुविधाओं में हुआ सुधार



**देहरादून, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बेहतर प्रबंधन और व्यवस्थाओं में सुधार के चलते चारधाम में यात्रियों की संख्या लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। मानसून काल में अतिवृष्टि, भूस्खलन, भूधंसाव और जगह-जगह कई-कई दिनों तक मार्ग अवरुद्ध रहने के बावजूद इस साल चारधाम में रिकार्ड 48.32 लाख यात्रियों ने दर्शन किए। हालांकि, हर्षिल घाटी की आपदा के चलते तकरीबन एक महीने गंगोत्री व यमुनोत्री हाईवे बंद रहने के कारण गंगोत्री व यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या वर्ष 2024 की अपेक्षा एक लाख 27 हजार 142 कम रही, लेकिन बदरीनाथ व केदारनाथ धाम दर्शन को तीन लाख 41 हजार 602 यात्री अधिक पहुंचे। इस तरह बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चारों धाम पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या में दो लाख 14 हजार 460 की वृद्धि हुई। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के बाद चारों धाम में यात्री सुविधाओं के विकास पर खास ध्यान दिया जा रहा है। विशेषकर केदारनाथ धाम व पैदल मार्ग के पड़ावों पर यात्रियों के खाने-ठहरने की सुविधाएं बेहतर हुई हैं। स्वयं प्रधानमंत्री कार्यालय केदारपुरी में हो रहे कार्यों की मानीटरिंग कर रहा है। वहां तीन चरणों में विकास कार्य हो रहे हैं, जिनमें दो चरण लगभग पूरे हो चुके हैं और तीसरे चरण के कार्य भी गतिमान हैं। रामबाड़ा से पुराने केदारनाथ मार्ग का भी पुनर्निर्माण हो चुका है। इसी तरह बदरीशपुरी में भी बदरीनाथ महायोजना के कार्य तेजी से चल रहे हैं।यहां भी दो चरण के कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं और तीसरे चरण के भी संभवतः 2026 में पूरे कर लिए जाएंगे। इसके अलावा यमुनोत्री, केदारनाथ व हेमकुंड साहिब के लिए प्रस्तावित रोपवे परियोजना पर भी वर्ष 2026 में कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद तीनों धाम की राह आसान हो जाएगी। पिछले तीन वर्षों से सर्वाधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं, जबकि इससे पहले बदरीनाथ धाम सबसे अधिक श्रद्धालु पहुंचते थे। दरअसल, वर्ष 2013 की आपदा के बाद नये कलेवर में निखरी केदारपुरी का आकर्षण देशभर से श्रद्धालुओं को यहां खींच ला रहा है। खाने-ठहरने की सुविधा के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें इसकी एक बड़ी वजह है।फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कई बार केदारनाथ धाम आ चुके हैं और यहां मास्टर प्लान के कार्यों पर भी उनकी नजर है।

हालांकि, केदारनाथ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 16 किमी की खड़ी चढ़ाई पैदल तय करनी पड़ती है, लेकिन सुविधाओं के विकास ने इस दूरी को भी बौना कर दिया है। इस साल उत्तरकाशी जिले की हर्षिल घाटी में धराली आदि स्थानों पर मची तबाही ने तकरीबन एक माह तक गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की राह रोके रखी। स्यानाचट्टी में लंबे समय तक यमुना नदी पर बनी झील ने भी यमुनोत्री धाम की राह अवरुद्ध की।

# ड्रिल किया, रकम चुराई और फरार... लुटेरों ने जर्मनी की बैंक की तिजोरी तोड़ी, एक करोड़ यूरो चुराए



**बर्लिन।** जर्मनी में चोरों ने क्रिसमस की छुट्टी का फायदा उठाकर एक बैंक से कम से कम 10 मिलियन यूरो मूल्य की नकदी और कीमती सामान चुरा ली। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अपराधियों ने गेल्सेनकिर्चेन में स्पार्कासे बैंक की शाखा में मोटी कंक्रीट की दीवार को ड्रिल किया और फिर हजारों सुरक्षित डिपॉजिट बॉक्स से रकम चुराए। गौरतलब है कि जर्मनी में अधिकांश दुकानें और बैंक क्रिसमस से पहले 24 दिसंबर की शाम से बंद हो जाते हैं। पुलिस को 29 दिसंबर को चोरी का पता चला। मंगलवार को कई गुस्साए ग्राहक बैंक के सामने इकट्ठा हुए और नारेबाजी की। यह चोरी पश्चिमी शहर गेल्सेंकिर्चेन में हुई, जहां चोरों ने स्पार्कसे शाखा में 3,000 से अधिक तिजोरियों को तोड़कर भागने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने बताया कि संदिग्धों ने पास के पार्किंग गैराज से ड्रिल करके भूमिगत तिजोरी कक्ष में प्रवेश किया और माना जाता है कि उन्होंने सप्ताहांत का अधिकांश समय बैंक के अंदर बिताया, जहां उन्होंने व्यवस्थित रूप से तिजोरियों को तोड़ा।

सोमवार तड़के आग लगने के अलार्म बजने के बाद चोरी का पता चला, जिसके बाद आपातकालीन सेवाओं ने जांच शुरू की और तिजोरी में जाने वाला एक बड़ा छेद खोजा। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शनिवार रात से रविवार सुबह के बीच पार्किंग गैराज की सीढ़ियों में कई लोगों को बड़े-बड़े बैग ले जाते हुए देखा था। बाद में सुरक्षा कैमरे की फुटेज में सोमवार तड़के एक काली ऑडी आरएस 6 को गैराज से निकलते हुए देखा गया, जिसमें नकाबपोश लोग सवार थे।

# रांची में प्री-SIR की शुरुआत: बीएलओ घर-घर जाकर एकत्र कर रहे दस्तावेज, श्रेणी A से E तक मतदाताओं का वर्गीकरण

**रांची।** रांची जिले में प्री-एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और उनकी श्रेणी के अनुसार आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है।जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मैपिंग का कार्य जारी है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाताओं को जन्म तिथि, जन्म स्थान और नागरिकता के आधार पर श्रेणी-ए से श्रेणी-ई तक वर्गीकृत किया गया है। इसी वर्गीकरण के अनुसार बीएलओ मतदाताओं से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी ले रहे हैं।निर्वाचन कार्यालय ने




स्पष्ट किया है कि प्री-एसआईआर के दौरान मतदाताओं पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है और न ही दस्तावेज जमा करना अनिवार्य किया गया है। हालांकि, राज्य में जब औपचारिक रूप से एसआइआर की प्रक्रिया लागू होगी, तब मतदाताओं को दस्तावेज उपलब्ध कराने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यह पूर्व तैयारी की जा रही है। फिलहाल बीएलओ अपने स्तर पर तैयारी और जानकारी संकलन का कार्य कर रहे हैं। इस चरण में आम मतदाताओं को किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जिन मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें श्रेणी-ए में रखा गया है। ऐसे मतदाताओं से किसी अतिरिक्त दस्तावेज की मांग नहीं की जा रही है, केवल 2003 की मतदाता सूची के प्रासंगिक अंश का सत्यापन किया जा रहा है। वहीं, जिन मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है और जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ है, उन्हें श्रेणी-बी में रखा गया है। ऐसे मतदाताओं को अपनी जन्म तिथि या जन्म स्थान प्रमाणित करने से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे।1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत में जन्मे मतदाता श्रेणी-सी में शामिल हैं। इन मतदाताओं को स्वयं या माता-पिता में से किसी एक के दस्तावेज जमा करने होंगे। यदि माता या पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, तो केवल उसी सूची के प्रासंगिक भाग को संलग्न करना पर्याप्त होगा।2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में जन्मे मतदाताओं को श्रेणी-डी में रखा गया है। ऐसे मामलों में मतदाता के साथ-साथ माता और पिता दोनों के दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं। यदि माता-पिता में से कोई भारतीय नागरिक नहीं है, तो उनके वैध पासपोर्ट और वीजा की प्रति भी उपलब्ध करानी होगी।

# तृणमूल विधायक ने लगातार दूसरे दिन बंद करवाई SIR की सुनवाई

## भाजपा बोली- तनाव पैदा करने की हो रही कोशिश



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस विधायक असित मजूमदार ने एसआईआर सुनवाई केंद्रों में अपनी पार्टी के बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) की नियुक्ति की मांग करते हुए लगातार दूसरे दिन सुनवाई बंद करा दी।मजूमदार ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ हुगली जिले के चुंचुड़ा-मगरा प्रखंड कार्यालय में जाकर वहां सुनवाई बंद कराई थी, वहीं मंगलवार को वे पोलबा के प्रखंड विकास अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और वहां सुनवाई रुकवा दी।विधायक ने सुनवाई के लिए वहां पहुंचे लोगों से कहा-आप लोगों को परेशान करने के लिए ये सारा कुछ किया जा रहा है। क्या आप इसे सहना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) से सुनवाई की प्रक्रिया रोकने को कहा।मजुमदार ने कहा कि चुनाव आयोग जब तक यह लिखकर नहीं देगा कि सुनवाई केंद्रों के अंदर बीएलए को रहने की अनुमति दी जाएगी, तब तक सुनवाई नहीं होने दी जाएगी। प्रश्न यह उठ रहा है कि पहली घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी विधायक के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई। चुनाव आयोग ने सोमवार की घटना के बाद समस्त जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) को इसकी पुनरावृत्ति रोकने के निर्देश दिए थे, बावजूद इसके 24 घंटे के अंदर ऐसी घटना हुई है और इसे उसी व्यक्ति ने अंजाम दिया है।इसे लेकर भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने कहा कि बंगाल में एसआइआर को लेकर तृणमूल जान-बूझकर तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है। इस बीच चुनाव आयोग ने कड़े शब्दों में कहा कि सुनवाई केंद्रों के अंदर बीएलए की उपस्थित पाए जाने पर ईआरओ को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 22 करोड़ से होगा 100 साल पुराने उत्तर प्रदेश के इस बांध के पुल का पुनर्निर्माण, शासन से मिली मंजूरी



**बिलासपुर, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नैनीताल हाईवे पर भाखड़ा डैम के ऊपर अंग्रेजों के जमाने में बने सौ साल पुराने पुल का अब पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन ने 22 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। इस पुल का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया जाएगा। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने राज्य योजना (शहरी) के अंतर्गत इसका प्रस्ताव व धनराशि सरकार से मंजूर कराई है। राज्यमंत्री का कहना है कि मोदी व योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। औपनिवेशिक काल में निर्मित जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सेतु के पुनर्निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को दृष्टिगत रखते हुए राज्य योजना के अंतर्गत 22 करोड़ 14 लाख 32 हजार रुपये की मंजूरी कराई गई है। उनके अनुसार सेतु के पुनर्निर्माण से न केवल क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा एवं दैनिक जीवन से जुड़ी गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। यह निर्माण स्थानीय शहरी विकास को नए आयाम प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि भाखड़ा डैम के ऊपर बने इस पुल का निर्माण देश की आजादी से पहले वर्ष-1926 में, तत्कालीन अंग्रेज सरकार द्वारा कराया गया था। तब से यह पुल यूपी से उत्तराखंड, खासकर नैनीताल जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक जाने का मुख्य मार्ग बना हुआ था। करीब दो दशक पहले इस पुल के बराबर नया पुल बना दिया गया था।पिछले कुछ सालों में नेशनल हाईवे के बनते ही बाइपास भी बन गया, लेकिन इस पुल का महत्व कम नहीं हुआ। बीते कुछ सालों में कई बार सरकारी तौर पर इसे एक्सपायर बताकर बंद करने का प्रयास किया गया, लेकिन लोगों ने इस पर से गुजरना नहीं छोड़ा। यहां तक कि अब भी कुछ समय से इसके दोनों तरफ अवरोधक लगा दिए गए हैं, मगर पैदल यात्री व दोपहिया वाहन बिना किसी भय के गुजर जाते हैं।कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि स्थानीय लोगों को इस पुराने पुल से लगाव हो गया है।

## हिंसा से विस्थापित दस हजार लोगों का पुनर्वास, मुख्य सचिव ने दी जानकारी

**इंफाल 31 दिसम्बर।** मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने कहा कि मई, 2023 से राज्य में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लगभग दस हजार लोगों का पुनर्वास किया गया है।सरकार ने केंद्र के मणिपुर बजट में घोषित 573 करोड़ रुपये के पुनर्वास पैकेज के तहत आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के चरणबद्ध पुनर्वास के लिए उपाय शुरू किए हैं।मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसा में कम से कम 260 लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए हैं, जबकि यह राज्य इस वर्ष फरवरी से राष्ट्रपति शासन के अधीन है। मुख्य सचिव ने कहा, अब तक 2,200 से अधिक परिवारों के लगभग 10,000 आइडीपी का पुनर्वास किया गया है और पुनर्वास के लिए 4,000 और घरों का निर्माण विभिन्न चरणों में है। गोयल ने कहा, नवंबर 2024 से हिंसा की घटनाओं में खासी कमी आई है। गृह मंत्रालय के समर्थन से राज्य सरकार राहत शिविरों में आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखती है और स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाओं और अन्य स्वयं सहायता समूह पहलों के माध्यम से अतिरिक्त सहायता प्रदान की जा रही है।

# आतंकी संगठन ISIS के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 357 संदिग्ध गिरफ्तार

**इस्तांबुल, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तुर्किये में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ देशव्यापी अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने 357 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई उत्तर-पश्चिमी तुर्किये में हुए उस मुठभेड़ के एक दिन बाद की गई, जिसमें तीन पुलिसकर्मी और छह उग्रवादी मारे गए थे। गृह



मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि पुलिस ने 21 प्रांतों में छापेमारी की। उन्होंने कहा, आतंक के जरिए देश को झुकाने की कोशिश करने वालों को न पहले मौका दिया गया और न आगे दिया जाएगा। इससे पहले इस्तांबुल अभियोजक कार्यालय ने बताया था कि इस्तांबुल समेत तीन प्रांतों में 114 ठिकानों पर छापे मारे गए, जहां से डिजिटल सामग्री और दस्तावेज जब्त किए गए। सोमवार को इस्तांबुल के दक्षिण में मारमारा सागर तट पर स्थित यालोवा कस्बे में एक मकान को लेकर करीब आठ घंटे तक घेराबंदी चली, जहां पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।

# एयर इंडिया ने एयरबाल्टिक के साथ किया नया कोडशेयर समझौता, अब इन देशों की यात्रा होगी आसान



**नई दिल्ली।** एशिया प्रशांत देशों में अपनी उपस्थिति को लेकर सिंगापुर एयरलाइंस की लो कास्ट कंपनी स्कूट से समझौते के बाद एअर इंडिया ने अब बाल्टिक देशों में अपने पैर जमाने की कोशिश शुरू कर दी है। कोशिश के तहत लातविया की फ्लैग कैरियर एयरलाइन एयरबाल्टिक के साथ एक नया कोडशेयर पार्टनरशिप की घोषणा एअर इंडिया ने की है। इस समझौते से एअर इंडिया के ग्राहकों के लिए बाल्टिक क्षेत्र तक पहुंचना और भी सुविधाजनक हो जाएगा। यह नई साझेदारी भारतीय यात्रियों के लिए बाल्टिक देशों की खूबसूरत जगहों जैसे रीगा की ऐतिहासिक विरासत, तालिन की मध्ययुगीन वास्तुकला और विनियस की जीवंत संस्कृति को और करीब लाएगी, साथ ही व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी।कोडशेयर के तहत एअर इंडिया ने एयरबाल्टिक द्वारा संचालित उड़ानों पर अपना एआई कोड लगाना शुरू कर दिया है। ये उड़ानें लातविया की राजधानी रीगा से यूरोपीय शहरों, एम्स्टर्डम, पेरिस, फ्रैंकफर्ट, कोपेनहेगन, मिलान मालपेंसा, विएना, ज्यूरिख और लंदन गैटविक के बीच हैं। इससे एअर इंडिया के यात्री भारत से रीगा तक इन यूरोपीय शहरों के माध्यम से एक ही एअर इंडिया टिकट पर यात्रा कर सकेंगे, जिसमें रीगा जाने वाली कनेक्टिंग उड़ानें भी एआइ कोड के साथ होंगी।एअर इंडिया की एयरबाल्टिक के साथ इंटरलाइन साझेदारी से यात्रियों को एस्टोनिया की राजधानी तालिन और लिथुआनिया की विनियस तक भी चुनिंदा यूरोपीय गेटवे के जरिए पहुंच मिलेगी, जिससे पूरा बाल्टिक क्षेत्र कवर हो जाएगा। एयर इंडिया के चीफ कमर्शियल आफिसर निपुण अग्रवाल ने कहा कि एयरबाल्टिक के साथ यह विस्तारित साझेदारी हमारे ग्राहकों को विश्व स्तर पर निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने की एयर इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लातविया और पूरा बाल्टिक क्षेत्र तेजी से बढ़ते यात्रा बाजार हैं, लेकिन पहले हमारे ग्राहकों के लिए वहां पहुंचना इतना सुविधाजनक नहीं था। अब एयरबाल्टिक के साथ यह और आसान हो गया है।

एअर इंडिया दिल्ली से एम्स्टर्डम (साप्ताहिक 7 उड़ानें), पेरिस (14), फ्रैंकफर्ट (12), कोपेनहेगन (4), मिलान (6), विएना (4), ज्यूरिख (4), मुंबई से फ्रैंकफर्ट (5); तथा अमृतसर और अहमदाबाद से लंदन गैटविक (दोनों से साप्ताहिक 3 उड़ानें) संचालित करती है। 2022 में निजीकरण के बाद से एयर इंडिया ने अपनी वैश्विक साझेदारियों का काफी विस्तार किया है।

## करूर भगदड़ मामले में एक्टर विजय को तलब कर सकती है CBI



**चेन्नई।** तमिलनाडु के करूर जिले में इस वर्ष हुई भीषण भगदड़ मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जनवरी में टीवीके के संस्थापक और अभिनेता से नेता बने विजय को पूछताछ के लिए तलब कर सकती है।यह हादसा 27 सितंबर को करूर जिले के वेलुसामीपुरम में हुआ था, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद राज्यभर में भारी आक्रोश देखने को मिला, जिसके चलते मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। सीबीआई ने अब तक घटनास्थल का निरीक्षण कर दस्तावेजी और डिजिटल साक्ष्य जुटाए हैं तथा पीड़ितों के परिजनों, एंबुलेंस चालकों, स्थानीय पुलिसकर्मियों, जिला अधिकारियों और कार्यक्रम आयोजकों समेत 200 से अधिक लोगों से पूछताछ की है।

# खैरा डाबर चरक और राजीव गांधी कैंसर संस्थान के बीच होगा आपसी समझौता, कैंसर मरीजों को मिलेगा उपचार



**पश्चिमी दिल्ली।** खैरा डाबर स्थित चौ ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान (सीबीपीएसीएस)में दिनांक एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च सेंटर के सहयोग से संपन्न हुआ।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. डा. मनु भाई गौर ने कहा कि राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च सेंटर के साथ एमओयू किए जाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी, जिससे भविष्य में मरीजों को और अधिक सुव्यवस्थित एवं विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन सुबज नौ बजे से दोपहर एक बजे तक योगा हाल में किया गया, जिसमें लगभग 80 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके उपरांत दोपहर दो बजे मिनी आडिटोरियम में कैंसर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च सेंटर की ओर से डा. शशि रखेजा, सीनियर कंसलटेंट (प्रिवेंटिव ऑन्कोलाजी विभाग), ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने कैंसर के विभिन्न प्रकारों, उनके प्रारंभिक लक्षणों, संभावित कारणों तथा रोकथाम एवं समय पर जांच के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।शिविर के दौरान जिन रोगियों में कैंसर की पुष्टि अथवा संदेह पाया गया, उन्हें तत्काल आगे की जांच एवं उपचार हेतु राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च सेंटर रेफर किया गया, जहां उनका सम्पूर्ण उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर अस्पताल के संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डा. सुमेर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आम जनता, विशेष रूप से जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चौ ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जन-स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

# सर्दियों में बहती नाक कर रही परेशान? आयुर्वेद से जानिए समाधान



र्दियों का मौसम आते ही कई लोग बहती नाक की समस्या से परेशान हो जाते हैं। ठंडी और सूखी हवा नाक की झिल्ली को सूखा देती है, जिससे शरीर अधिक बलगम बनाकर नाक को नम रखने की कोशिश करता है। इससे नाक बहने लगती है। हालांकि, इससे न कवल सांस लेने में दिक्कत होती बल्कि असहजता भी होती है। इसके अलावा, ठंड में वायरस आसानी से फैलते हैं, जिससे सर्दी-जुकाम या एलर्जी भी बहती नाक का कारण बन सकती है।

बहती नाक की समस्या से निजात पाने के लिए आयुर्वेद के आसान और प्राकृतिक समाधान को अपनाने की सलाह देता है, जो न केवल राहत देता है बल्कि नासिका मार्ग को स्वस्थ भी रखता है।

आयुर्वेद के अनुसार, सर्दियों में बहती नाक मुख्य रूप से वात दोष के असंतुलन से होती है। ठंडी हवा फेफड़ों तक पहुंचने से पहले नाक में गर्म और नम होनी चाहिए, लेकिन सूखी हवा से नाक की झिल्ली जलन महसूस करती है और अधिक म्यूकस बनता है। कभी-कभी एलर्जी जैसे धूल या पालतू जानवरों के बाल भी इसका कारण बनते हैं। अगर यह समस्या लंबे समय तक रहे तो साइनस या अन्य सांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

मंत्रालय के अनुसार, प्रतिमर्श नस्य एक आसान और प्रभावी तरीका है। यह नस्य कर्म का हल्का रूप है, जिसे रोजाना घर पर किया जा सकता है। सुबह और शाम दोनों नाक के छिद्रों में तिल का तेल, नारियल का तेल या शुद्ध घी की एक-एक बूंद डालें। इससे नाक की झिल्ली नम रहती है, बलगम कम बनता है और सांस लेना आसान हो जाता है। यह तरीका न केवल बहती नाक को नियंत्रित करता है बल्कि सिरदर्द, साइनस और मानसिक स्पष्टता के लिए भी फायदेमंद है।

सर्दियों के साथ ही अन्य मौसम में भी यह नियमित रूप से किया जा सकता है। इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है और सर्दी-जुकाम का खतरा कम हो जाता है। नास्या के अलावा आयुर्वेद में बहती नाक के लिए कई अन्य घरेलू उपाय हैं। सबसे पहले भाप लें, गर्म पानी में अजवाइन, तुलसी की पत्तियां या लौंग डालकर भाप लेने से नाक खुलती है और कफ पतला होकर बाहर निकलता है।

नाक बहने की समस्या में हल्दी वाला दूध पीना भी रामबाण है, क्योंकि हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो संक्रमण से लड़ते हैं। अदरक, काली मिर्च और पिप्पली से बना त्रिकटु चूर्ण या काढ़ा पीने से संतुलन बना रहता है और जुकाम जल्दी ठीक होता है। तुलसी की पत्तियां चबाना या शहद के साथ लेना इम्यूनिटी बढ़ाता है। गर्म पानी ज्यादा पीना भी नाक को सूखने से बचाता है।

ये आयुर्वेदिक उपाय न केवल लक्षणों को दूर करते हैं बल्कि शरीर के दोषों को संतुलित कर मूल कारण को ठीक करते हैं। अगर समस्या गंभीर हो तो आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह लें।



## साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश ने एक्टिंग को बताया लंबा सफर

साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश हाल ही में गोवा में चल रहे 56वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आईएफएफआई में पहुंची, जहां पर उन्होंने अपनी फिल्म संक्रांतिकी वस्तून्नम, अपने करियर, और फेवरेट स्टार्स पर दिलचस्प बातें शेयर कीं। अभिनेत्री ने इस साल रिलीज हुई फिल्म के बारे में बात करते हुए बताया, संक्रांतिकी वस्तून्नम एक पूरी तरह से पारिवारिक फिल्म है। आप इसे अपने परिवार के साथ जरूर देखें। आजकल ऐसी फिल्में कम आती हैं, जो खास पल एक साथ जीने का मौका देती हैं। मनोरंजन जगत में अपने 12 साल से ज्यादा के सफर को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मैं आज भी लगातार काम कर रही हूं और एक्टिंग कोई एक-दो फिल्मों में काम करने से नहीं आती है। यह एक लंबा सफर है, जिसमें आप हर एक नए प्रोजेक्ट में काम कर कुछ नया सीखते हो। एक्टिंग करने से मेरा लक्ष्य सिर्फ लगातार प्रोजेक्ट कर व्यस्त रहना नहीं है, बल्कि एक अच्छी अभिनेत्री बनना है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले कई सालों तक दर्शक मुझे इसी प्यार से देखते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, रजनीकांत सर मेरे सबसे बड़े आइडल हैं। मुझे लगता है कि भारत में उनसे बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है। उनकी सादगी, मेहनत और फैन फॉलोइंग देखकर मुझे आज भी हैरानी होती है, और साथ में बालकृष्णन जी भी। वे कमाल के कलाकार हैं। ये दोनों ही मेरे मनपसंद सुपरस्टार हैं। दोनों को आईएफएफआई में सम्मानित किया जा रहा है।

## नवीन पॉलिशेट्टी और मीनाक्षी चौधरी की फिल्म अनगनागा ओका राजू का दूसरा गाना राजू गारी पेली रो रिलीज

अनागनगा ओका राजू के साल के सबसे चर्चित वेडिंग सॉन्ग की रिलीज के साथ ही एक शानदार डांस नंबर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दूसरा सिंगल, राजू गारी पेल्ली रो, अब रिलीज हो चुका है और अपने हाई-एनर्जी विजुअल्स और व्यापक लोकप्रियता के कारण पहले से ही उत्सव का माहौल बना रहा है। इस गाने में स्टार एंटरटेनर नवीन पॉलिशेट्टी और मीनाक्षी चौधरी मुख्य आकर्षण बनकर उभरे हैं, जिन्होंने अपनी जोशीली और ऊर्जा से भरपूर दमदार प्रस्तुतियां दी हैं। गाने को भव्य पैमाने पर फिल्माया गया है, जिसमें जाने-माने कोरियोग्राफर शेखर मास्टर ने जीवंत नृत्य स्टेप्स डिजाइन किए हैं। राव रमेश और अन्य कलाकारों की भागीदारी से पूरा सीक्वेंस जीवंत हो उठता है, जिससे यह एक शानदार दृश्य अनुभव बन जाता है। पहले सिंगल भीमावरम बलमा की ज़बरदस्त सफलता के बाद, निर्माताओं ने इस जोशीले शादी के गीत से एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया है। राजू गारी पेल्ली रो को अनुराग कुलकर्णी और समीरा भारद्वाज ने गाया है, इसके बोल चंद्रबोस ने लिखे हैं और संगीत मिकी जे मेयर ने तैयार किया है, जो गाने की उत्सवपूर्ण रौनक को और बढ़ा देता है। यह गीत उत्सव की सच्ची भावना को दर्शाता है, जिसमें रंगीन दृश्य, ऊर्जावान नृत्य और मनमोहक संगीत का अद्भुत संगम है। हर दृश्य भव्यता और आनंद से परिपूर्ण है, और कलाकारों की टोली पूरे गीत में ज़बरदस्त ऊर्जा का संचार करती है। फिल्म से संबंधित अब तक जारी की गई सभी सामग्री को विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ, टीम आने वाले दिनों में और भी रोमांचक अपडेट और आकर्षक प्रचार सामग्री जारी करने के लिए तैयार है। अनगनगा ओका राजू का निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बैनर तले सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा किया गया है, जिसमें श्रीकारा स्टूडियो फिल्म प्रस्तुत कर रहा है। फिल्म का निर्देशन नवोदित मारी द्वारा किया गया है और इसमें संगीत मिकी जे मेयर ने दिया है। अनागनगा ओका राजू 14 जनवरी, 2026 को भव्य सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# आंखों की दुश्मन हैं ये आदतें, ऐसे करें बचाव



आंखें मानव शरीर का सबसे अनमोल अंग हैं, जिनके जरिए हम दुनिया की खूबसूरती को देखते हैं। लेकिन रोजमर्रा की कुछ लापरवाह आदतें धीरे-धीरे दृष्टि को कमजोर बना सकती हैं। राहत की बात यह है कि समय रहते सतर्क होकर इससे बचाव संभव है।

रिपोर्ट के अनुसार, हमारी दैनिक दिनचर्या से जुड़ी कई सामान्य आदतें अनजाने में आंखों को नुकसान पहुंचाती हैं। यदि इन आदतों में समय रहते सुधार किया जाए, तो आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। जीवनशैली में किए गए छोटे-छोटे बदलाव न केवल नजर की सुरक्षा करते हैं, बल्कि भविष्य में गंभीर समस्याओं से भी बचाव करते हैं। आंखों की देखभाल कोई विकल्प नहीं, बल्कि स्वयं के प्रति जिम्मेदारी निभाने का सबसे प्रभावी तरीका है।

अत्यधिक शराब का सेवन:- ज्यादा शराब पीने से आंखों की मांसपेशियां कमजोर होती हैं और विटामिन की कमी हो जाती है। इससे नजर धुंधली पड़ सकती है, ड्राई आईज की समस्या बढ़ती है और लंबे समय में मोतियाबिंद या रेटिना को नुकसान का खतरा रहता है।

नींद कम लेना:- रात भर जागना या पर्याप्त नींद न लेना आंखों को थका देता है। इससे आंखों में जलन, लालिमा, सूखापन और डार्क सर्कल्स की समस्या होती है। नींद की कमी से आंखों की मरम्मत नहीं हो पाती, जिससे रोशनी कमजोर हो सकती है। रोजाना 7-8 घंटे की नींद जरूरी है।

आंखों की थकान को नजरअंदाज करना:- लंबे समय तक स्क्रीन देखना, किताब पढना या काम करना और थकान महसूस होने पर भी आराम न करना आंखों की मांसपेशियों पर जोर डालता है। इससे आई स्ट्रेन, सिरदर्द और नजर की कमजोरी हो सकती है। थकान को अनदेखा करने से स्थायी नुकसान हो सकता है।

तंबाकू और पान चबाना:- धूम्रपान या तंबाकू का सेवन आंखों के लिए जहर समान है। इसमें मौजूद निकोटीन और टॉक्सिन्स रेटिना और ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे मैकुलर डिजनरेशन, मोतियाबिंद और अंधापन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

गंदे हाथों से आंखें रगडना:- हाथों में बैक्टीरिया या गंदगी होने पर आंखें रगडने से इंफेक्शन हो सकता है। इससे कंजक्टिवाइटिस, जलन या गंभीर संक्रमण का खतरा रहता है। हमेशा साफ हाथों से ही आंखों को छुएं।

आंखों को सेहतमंद रखने के लिए पर्याप्त नींद लें, शराब और तंबाकू से दूर रहें, स्क्रीन से ब्रेक लें और स्वच्छता का ध्यान रखें। अगर आंखों में कोई समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

## समंदर किनारे मौनी रॉय का हॉटनेस तूफान! बिकिनी और टू-पीस में बिखेरा जलवा, नागिन की जहरीली अदा देख फैंस हुए बेहोश!



बॉलीवुड और टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस मौनी रॉय एक बार फिर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों की वजह से सुर्खियों में हैं. एक्ट्रेस ने अपने वेकेशन शूटिंग लोकेशन और कॉन्सर्ट ट्रिप की कई खूबसूरत फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. जैसे ही तस्वीरें सामने आईं, सोशल मीडिया पर फैंस की नजरें ठहर गईं और कमेंट सेक्शन तारीफों से भर गया. मौनी का बिकिनी और टू-पीस लुक इतना ग्लैमरस है कि लोग उन्हें हॉटनेस क्वीन कहकर बुला रहे हैं.

मौनी रॉय ने अपने ट्रिप की एक तस्वीर में ब्लू टू-पीस ड्रेस में पोज दिया है. हाथों में गुलाब के फूल थामे मौनी बेहद क्लासी और एलिगेंट लग रही हैं. इस फोटो पर फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं कि ये तो किसी फिल्म का पोस्टर लग रहा है. वहीं दूसरी तस्वीर में मौनी ने प्रिंटेड बिकिनी पहनकर अपने कर्वी फिगर को फ्लॉन्ट किया है. उनके इस बोल्ड लुक ने इंटरनेट पर सचमुच तूफान ला दिया है. यह फोटो बाकी सभी से ज्यादा वायरल हो रही है और फैंस इसे जलवा , कहर और फायर का टैग दे रहे हैं. एक तस्वीर में मौनी मिरर वर्क वाले लहंगे में स्टाइलिश अंदाज में पोज देती दिख रही हैं. उनकी पतली कमर और ग्रेसफुल अंदाज ने फैंस को एक बार फिर दिवाना बना दिया है. कमेंट्स में लोग लिख रहे हैं, ये लुक तो किसी फेयरीटेल की प्रिंसेस जैसा है इन सारी तस्वीरों को शेयर करते हुए मौनी ने कैप्शन में लिखा, सर्दियों की धूप, शूटिंग, टीटी और ढेर सारा डांस... ़आभारी, स्वीट नवंबर. उनका यह कैप्शन फोटो सीरीज को और भी रिलेटेबल और खूबसूरत बना रहा है. बहरहाल, मौनी ने एक पोस्ट में हर वेरिएशन की तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है, हर एक तस्वीर में एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं, जो फैंस का ध्यान खींच रहे हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी रॉय आखिरी बार संजय दत्त, पलक तिवारी और सनी सिंह के साथ फिल्म द भूतनी में दिखाई दी थीं. जिसने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास काम नहीं किया, जिसे मिलेजुले रिएक्शन्स मिले थे.

## बॉर्डर 2 के गाने घर कब आओगे का टीजर जारी, 2 जनवरी को रिलीज होगा पूरा गाना



सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म के टीजर के बाद से ही फैंस फिल्म के 'घर कब आओगे' गाने का इंतजार कर रहे हैं। यह 'बॉर्डर' के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। अब मेकर्स ने इस गाने का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही गाना कब सामने आएगा इसकी डेट भी जारी कर दी है।

गाने के टीजर में इसके कलाकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन इस बारे गाने में दो नहीं बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इस टीजर के अंत में चारों गायकों की आवाज सुनने को मिलती है। 'घर कब आओगे' के टाइटल से ये गीत 2 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे। देशभक्ति से लबरेज इस फिल्म का टीजर थोड़े दिन पहले रिलीज किया गया था। टीजर को फैंस का मिला-जुला रिएक्शन ही हासिल हुआ था।

## शब्द सामर्थ्य -274

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 273 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू- दोकू क्र.274

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.273 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# नशा को जड़ से खत्म करने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी-कलेक्टर

## अवैध शराब एवं नशे के विरुद्ध लगातार संयुक्त मुहिम चलाने के निर्देश

**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नशा मुक्त भारत अभियान एवं नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के संबंध में कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर त्रिपाठी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से गांजा, अफीम एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में मादक पदार्थों की बिक्री न हो तथा संदिग्ध स्थानों की पहचान कर संयुक्त रूप से नियमित जांच की जाए।कलेक्टर ने मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित दवाओं की



बिक्री पर सतत निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शासकीय संस्थानों के आसपास किसी भी स्तर पर नशीले पदार्थों की बिक्री न होने दी जाए।उन्होंने कहा कि नए वर्ष के अवसर पर विशेष रूप से युवा वर्ग द्वारा शराब सेवन कर तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएँ सामने आती हैं, जिस पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहीं भी अवैध शराब या गांजा बिक्री की सूचना मिलने पर आबकारी एवं पुलिस विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर त्रिपाठी ने कहा कि केवल नशे के खिलाफ शपथ लेने मात्र से समाज नशा मुक्त नहीं होगा, बल्कि नशा को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आमजन को जोड़ते हुए नशे के विरुद्ध निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया।अंत में कलेक्टर ने आम नागरिकों से नए साल का स्वागत सादगी के साथ करने, नशे का सेवन न करने तथा तेज वाहन न चलाने की अपील की।

## भटगांव विधानसभा: 150.56 करोड़ की लागत से बनेंगी 33 नई सड़के

**सूरजपुर।** भटगांव विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्षेत्र में 150.56 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से भैयाथान और ओड़गी ब्लॉक के ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। 33 प्रमुख मार्गों का होगा निर्माण और उन्नयन विभाग द्वारा जारी स्वीकृति के अनुसार, कुल 33 सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसमें ओड़गी और भैयाथान ब्लॉक के कई ऐसे मार्ग शामिल हैं, जिनकी मांग लंबे समय से क्षेत्रवासी कर रहे थे।

# खुले आसमान के नीचे कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं नागरिकों की समस्याएँ

**कोरिया।** कोरिया जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने वर्ष 2025 के अंतिम साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट परिसर के खुले आसमान के नीचे, मीठी धूप में आमजन की समस्याएँ सुनीं। बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिन्हें कलेक्टर ने गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि आज वर्ष 2025 का अंतिम जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने आम नागरिकों की समस्याएँ न केवल सुनीं, बल्कि उनके शीघ्र एवं नियमसम्मत समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल आवेदनों को प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने



कहा कि कड़ाके की ठंड के बीच आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस उद्देश्य से खुले आसमान के नीचे धूप में जनदर्शन आयोजित किया गया। जनदर्शन कार्यक्रम में भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, बंटांकन, नामांतरण, नक्शा प्रदान करने, लंबित राशि के भुगतान सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 40 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सुरेंद्र वैध सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# धान खरीदी, अपार आईडी,गणतंत्र दिवस सहित विभिन्न विषयों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी की प्रगति के संबंध में सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड, राजस्व तथा नोडल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑनलाइन टोकन नहीं कटने से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा, वहीं रकबा समर्पण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की भव्य और सुव्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यार्थी का अपार आईडी में पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अपार आईडी एक ऑटोमेटेड परमानेंट अकैडमिक अकाउंट रजिस्ट्री है, जिसमें विद्यार्थियों के समस्त शैक्षणिक रिकॉर्ड एवं उपलब्धियां डिजिटल रूप से सुरक्षित रहती हैं। यह आईडी सरकारी एवं निजी दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए लागू है। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा विभिन्न कार्यों के लंबित देयकों का भुगतान शीघ्र करें। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने जनदर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों के लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए।

# खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने हेतु ड्रेस वितरण

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में खेल भावना और प्रोत्साहन का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जयसवाल ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने भाटापारा, रायपुर रवाना हो रहे कोरिया जिले के कबड्डी खिलाड़ियों को खेल किट एवं ड्रेस प्रदान की। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल प्रतिभा का परिचय देता है, बल्कि अनुशासन, एकता और सम्मान की सीख भी देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपेक्षा जताई कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोरिया जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।



ड्रेस वितरण के बाद खिलाड़ियों की टीम को औपचारिक रूप से रवाना किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार स्पष्ट रूप से देखा गया। कोरिया क्लब की टीम में शामिल खिलाड़ी—विनय, शिवम सिंह, गुलजार, प्रकाश, रविकेश, रवि कुमार, समीर शेख, सतीश कुमार, सुमेश सिंह, आनंद, सूरज, मनी, लाल बाबू, पवन, रामकुमार, सतीश, सागर, राकेश, सोन साए, आकाश और जितेंद्र सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने भी अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान और प्रोत्साहन उनके लिए ऊर्जा का काम करता है, तथा वे जिला और क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ मैदान में उतरेंगे। इस अवसर पर श्यामलाल, इंद्रपाल, बसंत, सोहन स्वामी, लाल दास महंत, पूर्व सरपंच रमेश सहित अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

सभी ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कोरिया की खेल प्रतिभा लगातार उभर रही है और ऐसे आयोजनों व सहयोग से आने वाली पीढ़ियों में खेल के प्रति जागरूकता और भागीदारी को मजबूती मिलती है। खिलाड़ियों के रवाना होने के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।

## संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 12 जनवरी तक

**कोरिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों बाल देखरेख संस्थाओं के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए राज्य स्तर से विज्ञापन जारी किया गया है, जिसमें पात्र आवेदकों से 12 जनवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित्र किया गया है। बाल देखरेख संस्था अंतर्गत बाल गृह (बालक) में परामर्शदाता-1 (अ.ज.जा.), परिवीक्षा अधिकारी/बाल कल्याण अधिकारी/केस वर्कर-1 पद (अ.ज.जा.), हाउस फादर-2 पद (अ.ज.जा.), पैरामेडिकल स्टॉफ-1 पद (अ. ज.जा.), स्टोर कीपर सह लेखापाल-1 पद (अ.ज.जा.), एजुकेटर 1 पद (अ.ज.जा.), आर्ट एवं काफ्ट सह संगीत शिक्षक-1 पद (अ.ज.जा.), पीटी अनुदेशक सह योग शिक्षक-1 पद (अ.ज.जा.), रसोईया-2 पद (अना-1,अ.ज.जा.-1), सहायक सह चौकीदार-2 पद (अना-1,अ.ज.जा.-1), हाउस कीपर-1 पद (अ.ज.जा.) तथा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण में सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रारंभिक बाल्यावस्था एजुकेटर-1 पद (अना.) की भर्ती की जानी है। उक्त पदों के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (कलेक्टर कार्यालय के पीछे छिंदडांड) को प्रेषित करना होगा। आवेदन हेतु वर्गवार पदपूर्ति किये जाने वाले पदों का विस्तृत विवरण पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव, अन्य अहर्ताओं, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण, आवेदन पत्र एवं पत्राचार का पता महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एव वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

## गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन

**रायपुर।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस वर्ष छत्तीसगढ़ की झांकी में जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की अद्भुत झलक प्रदर्शित की जाएगी।

## मतदाता सूची अद्यतन एवं जागरूकता को लेकर बीएलओ की बैठक व स्वीप गतिविधियां आयोजित

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले में मतदाता सूची के अद्यतन एवं मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। तहसील ओड़गी में बीएलओ की बैठक आयोजित कर फॉर्म-6 कलेक्शन की समीक्षा की गई। इस दौरान बीएलओ नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए तथा लॉजिकल त्रुटियों के सुधार हेतु को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी क्रम में तहसीलदार की उपस्थिति में जनपद सभा कक्ष, भैयाथान में समस्त बीएलओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में फॉर्म-6 का कलेक्शन एवं ऑनलाइन एंट्री,नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस ,लॉजिकल त्रुटि सुधार, अन्य संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अघिना सलका (तहसील भटगांव) में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## उत्तर-मध्य जिलों में शीत लहर का अलर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर सर्दी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले 24 घंटों तक एक-दो स्थानों पर शीत लहर चलने की संभावना जताई गई है। ठंडी हवाओं और गिरते तापमान के कारण सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

## फसल गिरदावरी कार्य में लापरवाही पटवारी निलंबित

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरापुर जिले में फसल गिरदावरी कार्य में लापरवाही करने पर रामचंद्रपुर तहसील में पदस्थ पटवारी विवेक शुभम वैभव के खिलाफनिलंबन का एक्शन लिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने आदेश जारी किया है। बता दें कि रामचंद्रपुर तहसील में फसल गिरदावरी में लापरवाही की शिकायत सामने आने पर जांच कराई गई। जांच में पटवारी विवेक शुभम वैभव की लापरवाही और उदासीनता पाई गई, जिसे छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1) (2) (3) के विपरित माना गया। पटवारी को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) (क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज भेज दिया गया है. आदेश में उल्लेख किया गया है कि निलंबन अवधि में पटवारी विवेक शुभम वैभव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## कलेक्टर ने मातृ मृत्यु दर कम करने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली

**कोरिया।** जिले में मातृ मृत्यु दर को कम करने तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कोरिया में कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नीति आयोग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि एचआरपी अर्थात उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निर्धारित 25 इंडिकेटर्स के आधार पर चिन्हांकित कर उनकी नियमित एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। इस कार्य में मितानिन, मितानिन ब्लॉक समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक, जिला समन्वयक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि एचआरपी गर्भवती माताओं की लाइन लिस्टिंग आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर अनिवार्य रूप से की जाए तथा इसकी जानकारी सभी मितानिनों को उपलब्ध हो। उन्होंने निर्देश दिए कि एचआरपी मामलों की जांच प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तिमाही में ट्राइमेस्टर वाइज तथा तृतीय तिमाही के बाद हर 15 दिन में नियमित रूप से की जाए, ताकि समय पर सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराया जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था हेतु कार्य योजना तैयार कर जिला स्तरीय टीम द्वारा नियमित विजिट की जाए। मातृ मृत्यु को रोकने से जुड़े प्रमुख कारणों पर चर्चा कर उनकी निरंतर ट्रैकिंग की जाए। प्रत्येक गर्भवती महिला तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करते हुए समय पर जांच एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराकर मातृ मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने के निर्देश दिए गए।

# सरकार की नीतियों के कारण राज्य में हर कोई है परेशान: बघेल

**सूरजपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे सूबे के पूर्व मुखिया व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल का जिले की सीमा से सम्मेलन स्थल तक भव्य स्वागत हुआ। स्थानीय सेवाकुंज में आयोजित नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शशि सिंह के प्रथम कार्यकर्ता सम्मेलन में श्री बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों व जिले से आये हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के बीच कांग्रेस के आयोजन से जिले का सियासी पारा भी बढ़ गया। इस दौरान श्री बघेल ने बताया कि उनकी सरकार ने पांच वर्षों में 95 नई विकास योजनाओं से नवा छत्तीसगढ़ गढ़ा था। अब ये सरकार उन योजनाओं को बंद करने में लगी है। चहूंओर अराजकता का वातावरण है, रोजगार, भर्ती सब बंद है और सभी विभागों में गड़बड़ी का आलम है। अधिकारी-कर्मचारी, महिला, युवा, मजदूर, किसान सभी आंदोलन के रास्ते पर हैं। आज लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है और इसे कांग्रेस पार्टी अपने तरीके से लड़ेगी। गरीब, जनता, व्यापारी, महिला, युवा, किसान, मजदूर सभी के साथ कांग्रेस खड़ी है। श्री बघेल ने भाजपा की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने स्कूल खोले और ये बंद कर रहे हैं, हमने गौठान खोला इन्होंने बंद कर दिया, हमने रोजगार के नए अवसरों का सृजन किया, ये बंटाधार करने में लगे हैं। आज मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है और अब मनरेगा को भी षड़यंत्रपूर्वक बंद करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी की विचारधारा से अवगत कराते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के निर्माण के लिए आजादी से पहले लड़ी और अब जब अत्याचार और अराजकता का वातावरण है, तब भी लड़ रही है। विभिन्न विभागों में हो रही गड़बड़ियों और कई मामलों को लेकर श्री बघेल ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने किसानों की दुखती रग पर हाथ रखते हुए कहा कि आज किसान धान बेचने के लिए मण्डियों और केन्द्रों में चक्कर लगा रहे हैं। इस दौरान सरकार के द्वारा किए जा रहे निजीकरण को लेकर भी श्री बघेल ने कटाक्ष करते हुए राज्य व केन्द्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह को भी याद करते हुए मंच से पूर्व विधायकों व जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शशि सिंह को सहयोग और मदद कर कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। इसके पूर्व पारंपरिक सुआ, सैला व करमा नर्तक दलों ने पारंपरिक स्वागत किया व सूरजपुर सीमा पर संजयनगर में विक्की समद्दार, सिलफिली में अभय कुमार व मिक्का, जयनगर में वेद मिश्रा, बिश्रामपुर संजीत यादव, नरेन्द्र जैन, सोमू सिंह, टोल प्लाजा में अभिषेक श्रीवास्तव ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ श्री बघेल का स्वागत किया। सूरजपुर में कार्यक्रम के उपरांत जिला महासचिव संजय डोसी व अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जीएस मिश्रा, जिलाध्यक्ष शशि सिंह के शिवपुर निवास व रामानुजनगर में कांग्रेस नेता इस्माईल खान के निवास पर भी पहुंचे और भेट मुलाकात की। सूरजपुर जिला सम्मेलन में आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील अग्रवाल व आभार प्रदर्शन मेहंदी यादव ने किया। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष विन्ध्येश्वर शरण सिंह, कांग्रेस नेता दानिश रफीक के साथ संजय डोसी ने स्वागत उद्बोधन व शशि सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। समारोह के दौरान सूरजपुर जिले के प्रतापपुर, ओड़गी, बिहारपुर, भैयाथान, सलका, लटोरी, सूरजपुर, रामानुजनगर, प्रेमनगर विकासखण्ड व नगरीय निकायों से बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत की। वहीं पूर्व विधायक भानू प्रताप सिंह, खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजू बाबा, जिपं सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, विद्यासागर सिंह, अशोक जगते, नजीर अजहर, चन्द्रदत्त दुबे, योगेश शुक्ला, वेदांती तिवारी, नवीन जायसवाल, संजू श्रीवास्तव, प्रवेश गोयल, रावेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप साहू, महेन्द्र साहू, आनंद कुंवर, विमला सिंह, आलोक साहू, तुलसी सिंह, संतोष पावले, चन्द्रभान सिंह, अरविंद यादव, रामलखन सिंह, विकास सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, संजीत यादव, गोरखनाथ पाठक, संजय यादव, रामकुमार सिंह, त्रिभूवन सिंह, जगत आयाम, अनिल गुप्ता, कंचन सोनी, संजय यादव, अवधेश गुर्जर, गोवर्धन सिंह, अवल बिहारी टेकाम, आनंद चौधरी, राजू गुप्ता सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मंचासीन थे। श्री बघेल के साथ रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, भाटापारा, बिलासपुर व अन्य जिलों से भी कांग्रेस के संगठन पदाधिकारियों ने सम्मेलन में शिरकत की।

## गांजा का अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार 6 करोड़ का गांजा बरामद

**रामानुजगंज।** जिला बलरामपुर रामानुजगंज में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफथाना बसंतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने उड़ीसा से राजस्थान ले जाए जा रहे करीब 1198.460 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ 99 लाख रुपये बताई जा रही है। गांजा को टाटा ट्रक में नारियल की भूसी के भीतर छिपाकर परिवहन किया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 28 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात थाना बसंतपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि धनवार बॉर्डर चेक पोस्ट की ओर से एक टाटा ट्रक वाहन क्रमांक RJ 32 GE 0960 में नारियल की भूसी के अंदर गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। जब्त गांजा का कुल वजन 1198.460 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने मौके से तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। अम्रीश कुमार, पिता संतलाल, उम्र 23 वर्ष, निवासी पुरे पहलवान शेरशाह समरौता, थाना महाराजगंज, जिला रायबरेली अम्बरीश कुमार पटेल, पिता जगदेव प्रसाद पटेल, उम्र 33 वर्ष, निवासी शाह मोहम्मद, पूर्व अप्पा, थाना नगराम मोहनलालगंज, लखनऊ मनीष कुमार, पिता रामभवन, उम्र 20 वर्ष, निवासी मैनझर, थाना शिवरतनगंज, जिला अमेठी (उत्तर प्रदेश) बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 5,99,00,000 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त टाटा ट्रक वाहन क्रमांक RJ 32 GE 0960, जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है, को भी जब्त किया गया है।

# अटल शताब्दी वर्ष पर भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल शताब्दी वर्ष के अवसर पर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन किया गया। अतिथियों ने सर्वप्रथम भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय जी व डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, कार्यक्रम प्रभारी अम्बिकेश केशरी, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, रविशंकर राजवाड़े, राजेश सिंह, चुन्नी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, नपाध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, सुनिता कुर्रे, कृष्णावती यादव, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुन्ती चक्रधारी, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष असरफ खान उपस्थित रहें। जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को




संबोधित करते हुए कहा कि, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे, उनके नेतृत्व मे देशभर में अनेक जनहितैसी योजनाएं चलाई गई। जिससे आमजनों को योजनाओं के माध्यम से सीधा लाभ मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए परमाणु परीक्षण जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए और ऐसे कई कार्य किए, जिनकी आज भी देश सराहना करता है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री अटल जी की सोच थी की अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं को पहुँचे। कार्यक्रम प्रभारी अम्बिकेश केशरी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, अटल बिहारी वाजपेयी का नाम पूरी दुनिया में विख्यात है, वे अपने जीवनकाल में पक्ष-विपक्ष दोनों को साथ लेकर चलते थे, प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। श्री केशरी ने कहा कि, आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके प्रेरणा से से कार्य कर रहें है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का कियान्वयन कर आम जनता के जीवन को समृद्ध बनाने का कार्य किया जा रहा है और आज भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि, अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व, उनके आदर्श व उनके विचारों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर मंडल, शक्ति एवं बूथ में संगठनात्मक गतिविधियों को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। अटल जी के जीवनी पर चित्र प्रदर्शनी-सांस्कृतिक भवन मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जीवन पर चित्र प्रदर्शनी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने अवलोकन एवं उनके विचारों से प्रेरणा लिया। कार्यक्रम में शोध एवं नीति सह प्रभारी अरशद खान,जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, काजल मोदी, पार्षद भानूपाल, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, दीपा विश्वकर्मा, किशोर सिरदार, संजय चिकनजूरी, मैनेजर राजवाड़े, महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, सुरेश सिरदार, सुशीला साहू, रामकृपाल राजवाड़े, बिजेन्द्र जायसवाल, विष्णु साहू, अभिमन्यु मृदुली, अनिल सिंह, पप्पू साहू, सुखदेव राजवाड़े, राजेश सोनी, भंवरलाल कुर्रे सहित समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा आज जिले के बतरा, सलका, करौंटी 'ब' एवं चंद्रमेढ़ा स्थित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी की व्यवस्था, सुविधा एवं प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी खरीदी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा किसानों के हित में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु लगातार निगरानी एवं निरीक्षण किया जा रहा है।

## सीईओ जिला पंचायत ने प्रेमनगर क्षेत्र का भ्रमण कर आवास योजना की समीक्षा की

**सूरजपुर।** कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले द्वारा आज जनपद पंचायत प्रेमनगर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संचालित निर्माण कार्यों की स्थिति का निरीक्षण कर हितग्राहियों से संवाद किया गया। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को भी तय समय में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को दिए। इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यरत मजदूरों से चर्चा कर समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत अन्नपूर्णा में नाला सफाई एवं निर्माण कार्य, ग्राम फूलकोना में डूडूमझरिया आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ग्राम पंचायत भगवानपुर में कोसमपारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा राम नंदे आत्मज कुंजीलाल के डबरी निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया।

## शिव महापुराण कथा की तैयारी

**कोरबा।** मुड़ापार क्षेत्र में शिव महापुराण कथा का आयोजन जनवरी के प्रथम सप्ताह से आयोजित किया जा रहा है। 7 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। क्षेत्र का महिला मंडल इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। जिसने अपनी तैयारी को तेज किया है। बताया गया कि इस बार के आयोजन को भव्य बनाने के लिए आसपास के लोगों को जोड़ा गया है।

## 4 महीने से उधारी पर काम कर रहीं मितानिन

**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में गली मोहल्ला स्तर पर लोगों को सामान्य स्वास्थ्य सेवा देने वाली मितानिन पिछले 4 महीने से मानदेय को तरस गई हैं। 380 कार्यकर्ताओं ने अपनी रुकी राशि दिलाने की मांग प्रशासन से की। कविता राठौर और सरला तिवारी ने बताया कि कलेक्टर ने उन्हें 10 जनवरी तक प्रतीक्षा करने को कहा है।

# बुका जलविहार में पैडल बोट, एडवेंचर बाइक खराब, मायूस हो रहे हैं पर्यटक

### संसाधनों पर वन विभाग ने खर्च किया लेकिन रखरखाव पर ध्यान नहीं

-तरुण मिश्रा-



**कोरबा।** जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल बुका जलविहार केंद्र आज अव्यवस्था और लापरवाही का शिकार बना हुआ है। सरकारी स्तर पर लाखों रुपये खर्च कर सैलानियों के लिए कई सुविधाएं जरूर विकसित की गईं, लेकिन उनका समुचित संचालन न होने से पर्यटक इनका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। एक तरह से वन विभाग ने यहां के अनेक संसाधनों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। उसकी उदासीनता के कारण अरसे बाद भी स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका है। इससे पर्यटक परेशान हैं।

कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित यह पर्यटन केंद्र कटघोरा वनमंडल में शामिल है। बुका में में सैलानियों के आकर्षण के लिए पैडल बोट की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन यह लंबे समय से बंद पड़ी है। रखरखाव के अभाव में यह सुविधा अब शोपीस बनकर रह गई है।

मौके पर जायजा लिया गया तो जानकारी मिली कि एडवेंचर स्पोर्ट्स बाइक की सुविधा भी तकनीकी खराबी के बाद बंद हो गई। हैरानी की बात यह है कि न तो इसे अब तक दुरुस्त कराया गया और न ही दोबारा पर्यटकों के लिए शुरू किया गया। इससे साहसिक गतिविधियों के शौकीन सैलानियों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से घुड़सवारी की भी व्यवस्था की गई थी। इसके लिए हजारों रुपये खर्च कर एक घोड़ी की व्यवस्था की गई, लेकिन उचित देखरेख और संचालन व्यवस्था न होने से यह सुविधा भी बेकार साबित हो रही है। परिणामस्वरूप पर्यटक इस आकर्षण से वंचित रह जाते हैं।

### न्यू ईयर में लगातार बढ़ रही पर्यटकों की भीड़

बीते वर्षों में हसदेव-बांगो बहुउद्देशीय जल परियोजना के अंतर्गत आने वाले बुक्का क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया गया था। प्रशासन के निर्देश पर वन विभाग द्वारा यहां कई मूलभूत और मनोरंजन से जुड़ी सुविधाएं तैयार की गईं, लेकिन आज वही सुविधाएं जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। पर्यटन के लिहाज से जिन सुविधाओं को सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र होना चाहिए था, वे ही आज हास्यास्पद स्थिति में पहुंच गई हैं। न्यू ईयर पर पर्यटकों की पहुंच यहां बढ़ी है। दूसरे सीजन में भी अच्छी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। इससे वन विभाग के साथ-साथ उसकी गतिविधियों को देखने वाले श्रमिकों को भी फायदे सुनिश्चित हो रहे हैं। लेकिन वर्तमान में अहम सुविधाएं ठप होने से लोग नाराज हैं।

# नियम तोड़ा, 10 चालकों पर कटघोरा में एक्शन



### अराजक तत्वों ने शांति भंग की तो सीधे जेल

**कोरबा।** न्यू ईयर से पहले हर तरफ पुलिस सख्त नजर आ रही है। नियम कायदे बताने के साथ वाहन चालकों पर एक्शन जारी है। कटघोरा में पुलिस ने 10 चालकों पर नियम तोड़ने के मामले में कार्रवाई की। कहा गया कि इस अभियान में कोई भी नहीं बख्शा जाएगा।

कटघोरा में पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने न सिर्फ जुर्माना लगाया, बल्कि सभी को सख्त हिदायत दी कि नए साल की रात किसी भी तरह की लापरवाही, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि 31 दिसंबर और नववर्ष के अवसर पर यदि कोई व्यक्ति हंगामा करता है, नशे में वाहन चलाता है या शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और सीधे जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा दोपहर के समय कटघोरा थाना परिसर में निगरानी शुदा बदमाशों, गुंडा तत्वों, डीजे संचालकों और ढाबा संचालकों की एक विशेष बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि डीजे की आवाज तय मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिए, शराब परोसने और संचालन में नियमों का पालन अनिवार्य होगा तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या झगड़े की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शहर की ऊबड़-खाबड़ सड़कें तरस रही पेंचवर्क को

**कोरबा।** शहर में सड़कों की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। पेंचवर्क की बात कुछ समय पहले की गई थी, जिसकी प्रतीक्षा बनी हुई है। फिलहाल आवागमन करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क मरम्मत के लिए पेंचवर्क की घोषणा की गई थी लेकिन यह अब तक नहीं कराया गया। अनदेखी के कारण पेंचवर्क जल्द ही उखड़ गया और सड़कें पहले से भी अधिक खराब स्थिति में पहुंच गईं। बारिश के बाद हालात और भी बदतर हो गए हैं। दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई स्थानों पर अचानक उभरी गिट्टियां वाहन फिसलने का कारण बन रही हैं। वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को ले जाने वाले वाहनों के लिए भी ये सड़कें जोखिम भरी साबित हो रही हैं।

स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पेंचवर्क के बजाय स्थायी और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराया जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही उचित मरम्मत नहीं की गई तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस समस्या पर संज्ञान लेते हैं और कब तक कोरबा की सड़कों को गड्ढों से निजात मिल पाती है।

**कलिंगा की साइड पर घटना, महेश बाबू ने लिखाई रिपोर्ट**

# निजी कंपनी के जीएम से मारपीट, दो नामजद सहित कई कामगारों पर गैर जमानती केस दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र में कलिंगा कॉरपोरेशन (केसीसी) डेको कंपनी को स्थ्वष्टरु दीपका खदान क्षेत्र में ओबी खनन का ठेका दिया गया है ।कंपनी के कामकाज को सुचारू रूप से संचालनके लिए दीपका माइंस क्षेत्र में साइट ऑफिस दिया गया है । यहां मजदूरों के छुट्टी को लेकर हुआ विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। जानकारी के अनुसार कंपनी के जीएम एवं प्रोजेक्ट इंचार्ज महेश कुमार और कर्मचारियों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि नियोजित कर्मचारियों ने प्रोजेक्ट मैनेजर महेश बाबू पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। घटना की खबर मिलते ही दीपका पुलिस और सीआईएसएफ त्तक्क्ष टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

प्रोजेक्ट मैनेजर महेश कुमार की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दीपका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। केसीसी कंपनी के एल एंड आर हेड (जीएम )विकास दुबे ने बताया कि छुट्टी के मुद्दे पर विवाद शुरू हुआ था, जिसे कुछ लोगों ने अनावश्यक रूप से तूल दे दिया। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर पर कुछ हमला कर दिया और उन पर मिट्टी का गमला भी फेंका गया। घटना में ऑफिस की खिड़की टूटने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं कंपनी के मजदूरों ने बताया कि सोमवार को दीपका में छत्तीसगढ़ी संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसमें कुछ मजदूर छुट्टी लेकर शामिल हुए थे। बाद में लौटने पर उनकी हाजिरी काट दी गई, जिसको लेकर विवाद बढ़ गया। मजदूरों का आरोप है कि महेश कुमार का व्यवहार मजदूरों के प्रति ठीक नहीं रहता, जिससे आक्रोश बढ़ा। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और आगे की जांच जारी है।

## एसईसीएल समाप्त करेगा अनुपयोगी आवास

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना विकास नगर स्थित पुराने एमडी आवासों को तोड़ा जाएगा। यह आवास काफी पुराने हो चुके है। और छतों से टुकड़े गिरने लगे है। इस मामले को जेसीसी सदस्यों ने जोर शोर से उठाया । और कहा कि पहले आवास में रहने वाले कामगारों को आवास उपलब्ध कराया जाए। बैठक में उपस्थित अजीत सिंह, मुकेश साहू हिरेन्द्र चंद्रा,अमिया मिश्रा, एनके सिंह राजू सोनी, सॉजी जॉन समार सिंह ने कहा कि अन्य समस्याओं को भी दूर किया जाए। कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए चर्चा की गई । जिसमें कहा गया किउत्पादन बढ़ाने के लिए हर तरह का सहयोग किया जाएगा।

# धीवर समाज को चाहिए सामुदायिक भवन

**कोरबा।** मल्लाह धीवर समाज को अपनी जरूरत के लिए सामुदायिक भवन की आवश्यकता है। एक प्रतिनिधि मंडल ने इस बारे में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल से भट्ट की और इस मार्ग को पूरा करने के लिए ज्ञापन दिया। समाज के लोग चाहते हैं कि रेलडबरी उतरदा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम करने के लिए सामुदायिक भवन है नहीं और ऐसे में कई प्रकार की सुविधा का सामना करना पड़ता है। दूसरे विकल्प पर ध्यान दिया जाए तो उन पर खर्च अधिक है जबकि हमारे पास इतनी धनराशि है नहीं। काफी समय से इस विषय को लेकर समाज की ओर से पत्राचार किया गया लेकिन कोई परिणाम नहीं आ सके। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने 31 दिसंबर को विधायक प्रेमचंद पटेल के निवास पर पहुंच कर मामले की जानकारी दी। विधायक ने विषय को सुना और संबंधित लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस बारे में विचार करने के साथ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में इस वर्ष अनेक कार्य कराए गए हैं और इसके माध्यम से लोगों की जरूरत को पूरा करने का प्रयास किया गया।

## प्रदेश प्रभारी रत्नाकर का स्वागत

**कोरबा।** बसपा के प्रदेश प्रभारी दाऊ राम रत्नाकार व प्रदेश अध्यक्ष व श्याम टंडन के कोरबा पहुंचे पर उनका जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी के नेतृत्व में स्वागत किया गया । यह जानकारी देते हुए बाबू लाल टंडन ,ने बताया कि श्री रत्नाकार अंबिकापुर से लौटते समय कोरबा पहुंचे थे। उनके आने की जानकारी मिलने पर डीआर जाटवर, महेन्द्र निराला ने स्वागत किया। इसके बाद संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई। आने वाले दिनों में सेक्टर को मजबूत करने के लिए लगातार बैठक होगी। विधान सभा के अध्यक्ष गज्जू चौहन व कटघोरा विधान सभा के अध्यक्ष राघवेन्द्र मनहरण सभी सेक्टर में दौरा करते हुए अलग अलग बैठक लेगें।

# पथरींपारा के घरों के भीतर फ्लाईऐश की एंट्री से बढ़ा जन स्वास्थ्य का खतरा

**कोरबा।** उद्योगों के नगर कोरबा में फ्लाई ऐश भयावह समस्या बनती जा रही है। संयंत्र प्रबंधन मनमाने तरीके से नदी नालों में फ्लाई ऐश को डंप करने से बाज नही आ रहे है। लोगों ने इस पर गुस्सा जताया है।

कोरबा के पथरीपारा में फ्लाई ऐश के कारण लोगों का जीवन दर्द की दासता बनकर रह गया है। उनके घर के बाहर और अंदर राखड़ अपने निशान छोड़ रही है या ऐसा भी कह सकते हैं कि उसका कब्जा होता जा रहा है। लोगों ने बताया कि संबंधित समस्याओं से उनका जीवन काफी तकलीफदेह हो गया है। ढेंगुर नाला की बदहाली के लिए प्लान्ट की राखड़ को जिम्मेदार बताया जा रहा है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर व्यवस्था से दुखी है। उन्होंने बताया कि अधिकारी बात करने को तैयार नही है। राठौर ने बताया कि जिस तरह से समस्या बढ़ रही है, हमे साइलो बंद कराना पड़ सकता है। देखना होगा कि जन स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े इस मुद्दे का समाधान कराने के लिए प्रशासन अपनी ओर से हस्तक्षेप करता है नही।

## राम नाम लेखन पुस्तिका स्थल पर भजन-कीर्तन

**कोरबा।** 3 अरब 33 करोड़ 33 लाख राम नाम लेखन महायज्ञ का एक सोपान पूर्ण हो गया है। राम नाम लेखन पुस्तिकाओं को अयोध्या पहुंचने का कार्य 12 जनवरी को किया जाना है। तब तक दशहरा मैदान में रामधन पुस्तिका की पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन और सुंदरकांड पाठ जारी रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों की मातृशक्ति भजन कीर्तन में लगी हुई है। इस



कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए पूरी योजना तैयार की गई है और काफी संख्या में लोगों को इसका उत्तरदायित्व दिया गया है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया की 12 जनवरी को ही एक भव्य समारोह के साथ 500 बाइक में युवाओं को राम नाम लेखन पुस्तिकाओं के साथ अयोध्या रवाना किया जाएगा।

## मातृ छाया को सहायता राशि प्रदत्त

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कोरबा कुसमुंडा के हिरेन्द्र चंद्रा व रंजय सिंह के नेतृत्व में मातृछाया जाकर सहायता राशि दी गई। इसके पहले वे बालमिकी आश्रम में जाकर रहने वाल छात्रों को सहयोग राशि प्रदानकिया।इस दौरान अमिया मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह , राजेन्द्र यादव,संजय सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता थे।रमेश गुरूद्वान ने भी कहा है कि वे भी जाकर छात्रों को सहयोग राशि प्रदान करें।

**कोरबा।** ग्राम ढंनढनी में समुदायिक भवन निर्माण के लिए जिला पंचायत की सदस्य सुषमिता अंनत के द्वारा समुदायिक भवन के लिए भूमि पूजन किया जाएगा।



**सबरी की भेंट मिली राम को :** प्रतिष्ठा द्वादशी पर अयोध्या में श्रीराम को छत्तीसगढ़ से विशेष उपहार प्राप्त हुआ। सबरी के बेर के रूप में शिवरीनारायण में सबरी के स्थान से ये बेर अयोध्या पहुंचाने का काम राम भक्तों के समूह ने किया। दीपका से श्रद्धालुओं ने पूर्व नपा अध्यक्ष मनोज शर्मा, भाजपा नेता संतोष गुप्ता के साथ प्रतिष्ठा द्वादशी को सरयू स्नान के साथ मंदिर में दर्शन के साथ रामजन्म भूमि ट्रस्ट को यह उपहार भेंट किया। पिछले तीन वर्ष से यह सिलसिला जारी है।

# शिक्षा की अलख पहुंचनी चाहिए दूरस्थ क्षेत्र तक

### शिक्षित समाज आज की आवश्यकता : अक्षय दुबे

**कोरबा।** जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा न केवल व्यक्ति के बौद्धिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह समाज को जागरूक, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने का सशक्त आधार भी है। इसी कारण यह आवश्यक हो गया है कि शिक्षा की जो अलख जली है, वह कोरबा जिले के सुदूर और दूरस्थ अंचलों तक समान रूप से पहुंचे।

यह विचार अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ की कोरबा जिला इकाई के अध्यक्ष अक्षय दुबे ने व्यक्त किए। वर्ष 2025 के अंतिम दिवस तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। जब तक समाज का हर वर्ग शिक्षा से नहीं जुड़ता, तब तक समग्र विकास की कल्पना अधूरी



रहेगी। अक्षय दुबे ने कहा कि कोरबा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी दूरस्थ ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचे, ताकि वहां के बच्चे भी समान अवसर प्राप्त कर सकें। एक निजी विद्यालय का संचालन कर रहे अक्षय दुबे का मानना है कि आज के समय में केवल किताबी ज्ञान या डिग्री पर्याप्त नहीं है। बदलते दौर में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस तरह की शिक्षा दी जानी चाहिए, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और रोजगार के नए अवसर स्वयं सृजित कर सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि तकनीकी दक्षता और कार्य अनुभव आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में सफलता की कुंजी है। यदि शिक्षा को उद्योगों, तकनीक और स्थानीय जरूरतों से जोड़ा जाए, तो युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। अक्षय दुबे ने अभिभावकों, शिक्षकों और प्रशासन से सामूहिक प्रयास की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा को केवल परीक्षा पास करने का माध्यम न बनाकर जीवन निर्माण का आधार बनाया जाए। जब शिक्षा दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचेगी और रोजगार से जुड़ेगी, तभी कोरबा जिला वास्तव में शिक्षित, सशक्त और समृद्ध बन सकेगा।

# अरसिया में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला मौका

**कोरबा।** पोड़ी विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसिया में क्रिकेट मैच आयोजन आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अरसिया और सलिहापहरी के मध्य खेला गया। अरसिया की टीम ने जीत दर्ज करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। विजेता-उपविजेता टीम को ग्राम सरपंच श्रीमती चंद्रवती पैकरा व सुनिल कुमार अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि द्वारा शील्ड दे कर सम्मानित किया गया।

पोड़ी उपरोडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसिया के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा पंचायत प्रीमियर लीग क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक 6 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम के खेत मैदान में सरपंच श्रीमती चंद्रवती पैकरा की उपस्थिति किया गया, 6 दिवसीय चले क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में ग्राम सहित आसपास क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लिए , पूरा मैच बीस ओवर का खेला गया । मैच का फाइनल अरसिया और सलिहापहरी के बीच खेला गया जिसमें अरसिया की टीम विजेता रहा और सलिहापारी की टीम उप विजेता रहा।



नवापारा,नवाटिकरा तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। विजेता खिलाड़ियों को ग्राम पंचायत अरसिया द्वारा नगद राशि और शील्ड मुख्य अतिथि सुनिल कुमार अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि पाली तानाखार क्षेत्र हाथों दिया गया तथा अन्य खिलाड़ियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया, इस मौके पर ग्राम क्षेत्र के जनप्रतिनिधि साहेब लाल बिंझवार जनपद सदस्य, श्रीमती चंद्रवती पैकरा ग्राम सरपंच एवं ग्राम के ग्रामीण उपस्थित रहे इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम अरसिया में खेल मैदान बनाने का आश्वासन दिया ।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com